26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 26 नवम्बर , 2026
अंक- 31 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8

www.dainikchingari.com

मोदी बोले- कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है!

वह OBC आरक्षण में कटौती को तैयार, नारी शक्ति वंदन बिल रोकना महिलाओं का अपमान

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। प्रधानमंत्री मोदी ने आज संविधान दिवस पर ब्लॉग लिखकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी OBC आरक्षण में कटौती करके मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। संविधान निर्माता, खासकर डॉ. भीमराव अंबेडकर, इसके पूरी तरह खिलाफ थे। मोदी ने नारी शक्ति वंदन बिल का जिक्र करते हुए लिखा कि विपक्ष के एक प्रमुख दल ने महिलाओं को आरक्षण देने के लिए लाए गए विधेयक को पारित नहीं होने दिया। इससे एक बार फिर साबित हो गया कि उस दल के मन में संवैधानिक मूल्यों के प्रति कितना कम सम्मान है। मोदी ने ब्लॉग में लिखा- इस साल के शुरू में जो हुआ, उसने हम सभी को शर्मसार कर दिया। संविधान की यात्रा उन महिलाओं को याद किए बिना पूरी नहीं हो सकती, जिन्होंने इसे बनाने में अहम भूमिका निभाई।



पीएम ने लिखा- मैं देश की नारीशक्ति को भरोसा दिलाता हूं कि उन्हें न्याय दिलाने के हमारे संकल्प को दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। मोदी ने नक्सलवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- दशकों तक देश के अनेक हिस्सों में, खासकर आदिवासी क्षेत्रों में, नक्सलियों ने बंदूक के दम पर सबसे गरीब व्यक्ति को उन अधिकारों से वंचित रखा, जो हमारे संविधान ने उसे दिये हैं। इस साल नक्सलवाद के खात्मे से मुझे विशेष संतोष मिला है। मोदी ने 1951 में हुए पहले संविधान संशोधन और आपातकाल के दौरान किए गए 42वें संशोधन का जिक्र किया। उन्होंने कहा- पहले संशोधन से नागरिकों की मौलिक स्वतंत्रता प्रभावित हुई। उस समय अंतरिम संसद ने अपने बहुमत का इस्तेमाल कर यह संशोधन किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान हुए 42वें संशोधन ने न्यायिक समीक्षा की शक्ति सीमित की और देश की संस्थाओं के बीच शक्तियों का संतुलन बदला। मोदी ने आरोप लगाया कि तब की सरकारों ने चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त करने के लिए अनुच्छेद 356 का बार-बार इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक दल के नाम करीब 100 बार इस अनुच्छेद के इस्तेमाल का रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 1950 के बाद पहली बार संविधान का अपडेटेड संस्करण आठवीं अनुसूची की सभी 22 भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है। इससे संविधान आम लोगों के और करीब आया है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता का भी जिक्र किया।

ज्यादा शक्कर-तेल वाली खाने-पीने की चीजों पर चेतावनी लगेगी

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि ज्यादा चीनी, नमक और सैचुरेटेड फैट वाले पैकेज्ड फूड प्रोडक्ट्स पर चेतावनी का लेबल लगाया जाएगा। पैकेट के फ्रंट पर षटकोण लाल निशान के साथ चेतावनी भी लिखी होगी। FSSAI ने इसी साल अगस्त में यह प्रस्ताव दिया था, जिस पर आज सुनवाई में जस्टिस जेबी पर्दीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने यह फैसला सुनाया। दरअसल, 3S एंड अवर हेल्थ सोसाइटी नाम के एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर डिब्बा बंद या पैकेट वाले खाने पर अनिवार्य वार्निंग लेबल लगाने की मांग की थी। इस मामले में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने पूछा था कि क्या सरकार नहीं चाहती कि उसके लोग स्वस्थ रहें? इसके बाद FSSAI ने यह हलफनामा देकर प्रस्ताव पेश किया है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ

कलेक्ट्रेट में संविधान दिवस पर हुआ संविधान की प्रस्तावना का पाठन



बिजनौर (चिंगारी)। संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराते हुए संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूलभूत सिद्धांतों के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों का बोध कराता है। संविधान में निहित आदर्शों एवं मूल्यों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, मजिस्ट्रेट प्रज्ञा यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गैंगवार के चलते दिल्ली रोड के मिलन ढाबे पर अंधाधुंध फायरिंग, चार की हत्या

पुलिस को भाऊ गैंग पर शक

रोहतक (एजेंसी/चिंगारी)। खरावड़ गांव के नजदीक दिल्ली रोड पर बुधवार की रात एक बजे मिलन ढाबा अंधाधुंध फायरिंग से गुंज उठा। 50 राउंड से ज्यादा गोलियां लाकर भाऊ गैंग के बदमाशों ने ढाबे पर खाना खा रहे सन्नी गैंग के तीन युवकों डीघल निवासी रिंकू, विनित व हर्ष उर्फ राजू की गोली मारकर हत्या कर दी। सन्नी के शक में ढाबे पर खाना खाने आए बेरी निवासी हिमांशु को भी दौड़ा-दौड़ाकर मार डाला। आईएमटी थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। डीघल निवासी मन्नु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चचेरा भाई रिंकू (27) गांव के युवक विनित, हर्ष उर्फ राजू के साथ रिटौली निवासी सन्नी के साथ रहता था। गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ की गांव के ही अंकित उर्फ बाबा व सन्नी के साथ पुरानी रंजिश चल रही है। अंकित जहां जेल में है, जबकि उसका छोटा भाई सन्नी जमानत पर बाहर है। बुधवार रात करीब एक बजे रिंकू, विनित व हर्ष अपने साथियों के साथ खरावड़ के पास मिलन ढाबे पर खाना खा रहे थे। दो गाड़ियों में सवार होकर हिमांशु उर्फ भाऊ गैंग के छह-सात बदमाश हथियारों से लैस होकर आए और रिंकू, विनित व हर्ष पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। तीनों के शव होटल के अंदर फर्श पर खून से लथपथ मिले। साथ ही बेरी निवासी हिमांशु भी मारा गया। उसका किसी गैंग से संबंध नहीं था। वह तो खाना खाने ढाबे पर आया हुआ था। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। साथ ही होटल की सीसीटीवी फुटेज भी जब्त की है।

50 राउंड से ज्यादा चलीं गोलियां

बताया जा रहा है कि रात एक बजे मिलन ढाबे पर 50 से ज्यादा लोग खाना खा रहे थे। तभी दो गाड़ियों में सवार होकर बदमाशों ने सन्नी गैंग के तीन युवकों पर गोली चला दी। अंधाधुंध फायरिंग से होटल में अफरा-तफरी मच गई। खाना खा रहे लोगों व स्टाफ ने टेबलों के नीचे छुपकर जान बचाई। चार लोगों की हत्या कर बदमाश दोनों गाड़ियों में सवार होकर दिल्ली की तरफ भाग गए।

बाल-बाल बचा सन्नी, धोखे में बेरी का युवक हिमांशु मारा गया

पुलिस को जांच में पता चला है कि तीन लोगों की हत्या के बाद हमलावर रिटौली निवासी सन्नी के बारे में पूछ रहे थे। शक के आधार पर बेरी निवासी हिमांशु पर गोली चला दी। हिमांशु गोली लगने के बावजूद जान बचाने के लिए होटल की पहली मंजिल पर सीढ़ियों के रास्ते भागा, लेकिन हमलावरों ने पीछा करके उसकी भी गोली मारकर हत्या कर दी। सन्नी बच निकलने में कायमाब रहा।

आनंद मोहन को फिर जाना होगा जेल

सुप्रीम कोर्ट ने पलटा रिहाई का फैसला, एक महीने का वक्त

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन को आईएएस अधिकारी कृष्णैया की हत्या के मामले में दी गई समयपूर्व रिहाई की छूट रद्द कर दी है। शीर्ष अदालत ने बिहार सरकार के 2023 के फैसले को रद्द करते हुए आनंद मोहन को एक महीने के भीतर सरेंडर करने का निर्देश दिया है। हालांकि, अदालत ने बिहार सरकार को कानून के अनुसार नये सिरे से उनकी रिहाई पर विचार करने की अनुमति दी है, लेकिन इसके लिए मृत अधिकारी की पत्नी को सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य होगा। यह फैसला जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की पीठ ने आज सुनाया।

शत-शत नमन



स्व. बुद्ध सिंह चौहान
संरक्षक
श्री हनुमान धाम
किरतपुर

तृतीय पुण्यतिथि पर हमारी ओर से

हार्दिक श्रद्धांजलि

-: शोकाकुल :-
श्रीमती दयावती (पत्नी)
प्रदीप चौहान पत्रकार एवं संतोष कुमार (पुत्रगण)
हनुमान सिंह चौहान एड., वंश चौहान, अदविका चौहान,
मकरध्वज चौहान एवं अन्य परिजन

निवास- मौहल्ला चौहानान, किरतपुर (बिजनौर)

20वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

स्वर्गीय वीरबाला कर्णवाल

पुण्यतिथि : 26 नवंबर 2006



-शोक संदेश-

आपको परलोक गमन किए समय के दो दशक बीत गए लेकिन आपकी यादें आज भी हमारे हृदय में उतनी ही जीवंत हैं। आपका ममतामयी आंचल, निश्छल प्रेम, स्नेहिल मुस्कान और दिए गए संस्कार आज भी हमारे जीवन की सबसे अनमोल धरोहर हैं। आपके जाने से हमारे जीवन में जो रिक्तता आई है वह आज तक भर नहीं पाई। आपकी कमी हर खुशी और हर पल में महसूस होती है। आप भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन आपके आदर्श, संस्कार और आशीर्वाद सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

-शोकाकुल परिवार-



हरिश्चन्द्र कर्णवाल (पति)
एक्साइज कॉन्ट्रैक्टर एवं स्वामी
होटल हिल व्यू, नैनीताल

शरद व शिवानी कर्णवाल (पुत्र व पुत्रवधू), विराज व युवराज कर्णवाल (पौत्र), रीतू व कर्नल संदीप कर्णवाल, बबली व अनुज कर्णवाल, मोनिका व किशन कर्णवाल, जौली व सचिन कर्णवाल, मिली व रजनीश कर्णवाल, शिप्रा व अंकुर कर्णवाल, जूही व प्रणव कर्णवाल (पुत्रियां एवं दामाद)

निवास - मोहल्ला किला, अफजलगढ़

किरतपुर में प्लॉट बिकाऊ है

तुलाज मार्केट निकट नगीना चौराहा, किरतपुर में 80-80 गज के दो कार्मिशियल प्लाट बिकाऊ हैं। सम्पर्क करें-
9627680957
9410433737

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह. -चान्दपुर, जिला-बिजनौर

आपके शहर की भरोसेमंद Travel Company के साथ यात्रा करें



पूरन का शव गांव पहुंचने पर हंगामा

परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से किया इंकार, सीओ व फलौदिया ने राजी किया

नूरपुर (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला गोविंदनगर में जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार की देर रात युवक अरवेंद्र सिंह पूरन (37) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर तीन भाइयों को नामजद करते हुए दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। युवक की हत्या के बाद बुधवार को उस समय गांव में तनाव की स्थिति बन गई, जब पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गांव रोशनपुर राहूनंगली पहुंचा। मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और अन्य मांगों को लेकर अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। काफी देर तक चले घटनाक्रम के बाद सीओ और तहसीलदार की मौजूदगी और सिख नेता सुरेंद्र सिंह फलौदिया की मध्यस्थता में परिजनों और पुलिस प्रशासन के बीच सहमति बनी। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। पुलिस सुरक्षा के बीच देर शाम गांव स्थित शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

बुधवार की शाम करीब चार बजे जैसे



ही मृतक अरवेंद्र सिंह उर्फ पूरन का शव गांव पहुंचा परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। स्थिति को देखते हुए शव पहुंचने से पहले ही गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मृतक के परिजनों ने शासन से 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और नूरपुर थाने के बजाय किसी अन्य थाने से मामले की जांच कराने की मांग रखी।



पुलिस से वार्ता करते सुरेन्द्र सिंह फलौदिया।

उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के मौके पर पहुंचने तक अंतिम संस्कार नहीं किया। सूचना पर सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह और तहसीलदार धनराज कुमार गांव पहुंचे। उन्होंने सिख नेता सुरेंद्र सिंह फलौदिया की मौजूदगी में मृतक के परिजनों से वार्ता की। सीओ ने परिजनों को आश्वस्त किया कि किसी भी नामजद आरोपी का नाम मुकदमे से नहीं निकाला जाएगा। मामले में नामजद एक आरोपी समेत तीन महिला और तीन पुरुषों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिलाया। शासन स्तर से नियमानुसार हरसंभव आर्थिक सहायता दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा। पुलिस प्रशासन के आश्वासन और सुरेंद्र सिंह फलौदिया की मध्यस्थता के बाद परिजन मान गये।

विधायक ओम कुमार ने हल्दौर में आयोजित किया चौपाल कार्यक्रम



हल्दौर (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला तोलावाला और मोहल्ला खेड़ा में भाजपा हल्दौर मंडल एवं शक्ति केंद्र कन्या पाठशाला के तत्वावधान में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे नहटौर विधायक ओम कुमार ने क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

मोहल्ला तोलावाला में महाराजा सुरसेन समाज सेवा समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक सीताराम सैनी उर्फ भीम ठेकेदार तथा मोहल्ला खेड़ा में संयोजक एवं चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक सैनी की देखरेख में चौपाल संपन्न हुई। इस दौरान विधायक ओम कुमार ने कहा कि चौपाल जैसे आयोजन जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच की दूरी कम करते हैं। इससे न केवल आमजन की समस्याएं सीधे सुनने को मिलती हैं, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना भी आसान होता है।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, रालोद नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी, जिला मंत्री रेखा यादव, मंडल अध्यक्ष संध्या चौहान, सभासद राजेश सैनी, मोहित कुमार, ताहिर, मिक्का सिंह, पूर्व सभासद जसवंत कारीगर, चरन सिंह सैनी, मुनेंद्र सैनी, चंद्रपाल सैनी, विनोद कैप्टन, अतुल चौधरी, प्रकाशचंद, राजबाला सैनी, दर्पण रावल, राजाराम सैनी, मीना प्रजापति, हिरदेश चौहान, रामपाल सैनी, बाबूराम सैनी और संजू सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



नगरपालिका आयोजित करेगी बिजनौर महोत्सव

बिजनौर (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद द्वारा बिजनौर महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में नगर पालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया।

नगरपालिका बोर्ड की बैठक डा. भीमराव अम्बेडकर सभागार में अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी श्री रामपाल के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में 04 माह के आय-व्यय के लेखा, 109 निर्माण कार्य, 25 हाईमास्ट टॉवर, 100 नग 90 वॉट एल.ई.डी. लाईट्स, नवीन कान्हा गौशाला का निर्माण, ठंड के प्रकोप से जनसाधारण को बचाने हेतु अस्थायी शेल्टर



बोर्ड की बैठक में अनेक प्रस्ताव पारित

होम का निर्माण व नगर के मुख्य चौराहों आदि पर अलाव जलवाने एवं पालिका की ओर से बिजनौर महोत्सव कराये जाने संबंधी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास किये गये।

सभासद दीपक गर्ग के द्वारा आईटीआई के निकट नगीना रोड चौक को भगवान विश्वकर्मा चौक घोषित करने हेतु मौखिक प्रस्ताव दिया गया। नामित सभासद सुरेन्द्र सिंह द्वारा नूरपुर-मुरादाबाद मार्ग को सरदार भगत सिंह रोड के नाम से घोषित करने तथा कृष्णा कालेज के तिराहे पर सरदार भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने हेतु मौखिक प्रस्ताव दिये गये। बैठक में 32 सभासद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक गोविन्द चौधरी, अवर अभियन्ता (सिविल) यशवंत कुमार, अवर अभियन्ता (जल) गौरव शर्मा, लिपिक, सोनिका, नेहा शर्मा, तरूण कुमार लिपिक, पेशकार, संदीप कुमार लिपिक व अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

2025 में हुआ था ऐतिहासिक बिजनौर महोत्सव

वर्ष 2025 में बिजनौर में भव्य बिजनौर महोत्सव आयोजित किया गया था। तत्कालीन जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल के दिशा-निर्देशन एवं सीडीओ पूर्ण बोरा के मुख्य संयोजन में आयोजित बिजनौर महोत्सव को ऐतिहासिक सफलता मिली थी। इस अवसर पर अनेक भव्य कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। साथ ही जनपद की अनेक विभूतियों को सम्मानित भी किया गया था। मुख्य कार्यक्रम नुमाइश ग्राउंड में हुआ था, जबकि जजेस कालोनी के सामने वाली सड़क पर बिजनौर जनपद के खाद्य पदार्थों संबंधी प्रदर्शनी लगी थी, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया था। बिजनौर महोत्सव में सीडीओ पूर्ण बोरा की मुख्य भूमिका थी। इस अवसर पर दैनिक बिजनौर टाइम्स और चिंगारी की ओर से एक विशेषांक भी प्रकाशित हुआ था।



राष्ट्र निर्माण में युवाओं की विशेष भूमिका- शुभम वालिया

चांदपुर (चिंगारी)। गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर-स्याऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'माय भारत' (मेरा युवा भारत) के अंतर्गत 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शुभम वालिया ने 'विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर प्रभावशाली पीपीटी प्रस्तुति दी और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला। वहीं, मुख्य अतिथि कपिल चौधरी ने अपने प्रेरक विचार साझा करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें समाज व देश के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ऊर्जा और भविष्य के निर्माता होते हैं, विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए युवा पीढ़ी का नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों का विस्तार से उल्लेख किया।

चांदपुर के आसिफ असलम बने रामपुर मनिहारान क्षेत्र के प्रभारी

चांदपुर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने चांदपुर निवासी युवा नेता एवं लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ आसिफ़ असलम को सहारनपुर जनपद की विधानसभा संख्या-6 रामपुर मनिहारान (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र में संपर्क एवं संगठनात्मक दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रभारी बनाया गया है। मौ. आसिफ़ असलम ने इसके लिए पार्टी हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, मेहनत और समर्पण के साथ समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं



विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। मौ. आसिफ़ ने कहा कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत हासिल कर उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को सभी मोर्चों पर पूरी तरह से विफल बताया। मालूम हो कि इससे पूर्व भी पार्टी हाईकमान ने मौ आसिफ़ असलम को उत्तर प्रदेश की अनेक विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी बनाकर भेजा जा चुका है।

एसपी के.के. विश्नोई का बड़ा एक्शन

ओवरलोड गन्ना वाहनों पर कार्यवाही

स्योहारा (चिंगारी)। चांदपुर क्षेत्र मे गन्ने के आवोरलोड ट्रक की टक्कर से बड़ा हादसा होने के बाद से पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई सख्त हो गये। परिणामस्वरूप नगर में गत दिवस देखने को मिला, जब ट्रैफिक पुलिस स्योहारा पहुंची और ओवर लोड गन्ना ट्रकों पर कार्यवाही करते हुए एक को सीज कर दिया, जबकि 8 ट्रकों के चालान किये। ट्रक मालिकों ने शुगर मिल को सूचना दी, जिस पर केन मैनेजर व अन्य शुगर मिल अधिकारी एम.एम. पब्लिक स्कूल पर पहुच ट्रैफिक पुलिस से बात करने लगे, लेकिन ट्रैफिक पुलिस ने दो टूक कहा कि ओवरलोड ट्रक नहीं चलेंगे, जिसके बाद सभी वापस लौट गये। चर्चा है कि शुगर मिल ट्रकों पर पहली बार पुलिस ने कार्यवाही की है। यूं तो हर रोज सैकड़ों ट्रक थाने के सामने से निकल कर जाते हैं, लेकिन पुलिस कोई ध्यान नहीं देती है।

सूचना आम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आराजी खसरा सं. 179 मौजा फरीदपुर उद्धा कम्भोर रोड परगना व तहसील व जिला बिजनौर की प्रार्थनी मालिक काबिज है जिसके सम्बन्ध में सिविल जज जू.डि. बिजनौर में वाद सं. 76/2023 सायरा बानो बनाम कु. शमशीदा आदि लम्बित है और अपीलीय न्यायालय से उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध मे यथास्थिति के आदेश पारित हैं यदि कोई व्यक्ति उक्त सम्पत्ति को क्रय-विक्रय करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **-प्रार्थनी सायरा बानो पत्नी मौ. आसिफ खान, निवासी मौहल्ला चाहशीरीं बुखारा रोड, बिजनौर परगना व तहसील व जिला बिजनौर**

नारी शक्ति संगठन ने आयोजित किया खिचड़ी वितरण कार्यक्रम

बिजनौर (चिंगारी)। नारी शक्ति संगठन की सभी महिलाओं ने मिलकर बकली के फाटक के पास रविदास मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान व देव दीपावली के उपलक्ष्य में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि कार्तिक गंगा स्नान पर खिचड़ी दान करने पर विशेष पुण्य फल प्राप्त की प्राप्ति होती है। गंगा स्नान के बाद खिचड़ी दान करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। घर में अन्न-धन की कमी नहीं रहती, सुख शांति बनी रहती है एवं आर्थिक संकट दूर होता है। इस अवसर पर संगठन की महामंत्री शारदा चौधरी, गार्गी अग्रवाल, निधि वर्मा, वंदना गुप्ता शिखा गुप्ता, संतोष रानी, रिंकी मसीह, पूनम शर्मा, मनीषा गुप्ता मंत्री करुणा अग्रवाल, रश्मि तोमर, अंशु बिश्नोई, सुनीता शर्मा,



शीतल भारद्वाज, रीना चौधरी, सुधा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मीडिया प्रभारी डोली शुक्ला आदि उपस्थित रही।

तीन लोगों ने मिलकर महिला को पीटा

शेरकोट (चिंगारी)। किसी बात को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों ने एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर के मुहल्ला अचारजान निवासी ममता देवी पत्नी सुरेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की दोपहर उसके जेठ मूला सिंह, जेठानी गुड्डी व इनके पुत्र मनोज ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया और तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये। ममता देवी का आरोप है कि मारपीट में उसके सिर में गम्भीर चोट लगी है। घायल महिला को उपचार व मेडिकल परीक्षण हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया। सब इंस्पेक्टर मोहित चौधरी ने बताया कि महिला की तहरीर पर मूला सिंह, मनोज और गुडडी निवासी गण मुहल्ला अचारजान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

17 न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को किया सम्मानित

नगीना (चिंगारी)। ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में ऋतिक व बालिका वर्ग में निक्की ने पहला स्थान प्राप्त किया। भाजपा नेता ठाकुर विकास राजपूत ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



बुधवार को पुरैनी में स्थित पीडीएम डिग्री कॉलेज के खेल मैदान में ब्लॉक की 17 न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ठाकुर विकास राजपूत और खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। प्रतियोगिता की शुरुआत बच्चों के शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्च पास्ट के साथ हुई। व्यायाम शिक्षक राहुल ठाकुर एवं अनुदेशकों के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और लंबी कूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में ऋतिक, 200 मीटर में कार्तिक तथा 400 मीटर में अश्विनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग की 100 एवं 200 मीटर दौड़ में निक्की तथा 400 मीटर दौड़ में जिया और सुधा ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्राथमिक बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में आशी, 100 मीटर में दीक्षिका, 200 मीटर में इकरा, 400 मीटर दौड़ में निर्जला प्रथम रहीं। प्राथमिक बालक वर्ग की 50 और 400 मीटर दौड़ में शौर्य, 100 मीटर में देव, 200 मीटर दौड़ में युवराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक बालिका वर्ग की लंबी कूद में निर्जला तथा बालक वर्ग में देव ने बाजी मारी। खो-खो प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय सराय डुडुम्बर की टीम तथा मनव्वरपुर सैद की टीम ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

समारोह में मुख्य अतिथि ठाकुर विकास राजपूत एवं खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार के संचालन में आयोजित प्रतियोगिता में पीडीएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य आरपी शर्मा, प्रबंधक आरएन सिंह, पंकज सिंह, भूपेंद्र सिंह, विनोद चौहान एडवोकेट, डॉ. विनोद शर्मा, अटेवा के जिलाध्यक्ष उमेश राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष गर्वित चौधरी, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह, मनीष राणा, परवेज आदिल, हिमांशु राजपूत, अमजद अली, ओमकार सिंह आदि मौजूद रहे।

प्लास्टिक के कट्टों में लहसुन की खेती कर किसान ने अपनाई अनोखी तकनीक

..ज़रा हटके

मंडावर (चिंगारी)। कस्बे के मोहल्ला पटवारियान निवासी किसान शाहबाज उर्फ भूरे ने लहसुन की खेती में एक अनोखा प्रयोग कर क्षेत्र के किसानों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। किसान ने बड़े-बड़े प्लास्टिक के कट्टों में मिट्टी भरकर लहसुन की पैदावार की। खेती के इस अलग तरीके को देखकर आसपास के किसान भी हैरान रह गए। शाहबाज ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले एक छोटे प्लास्टिक के थैले में मिट्टी भरकर उसमें लहसुन का बीज लगाया था। जब लहसुन के पौधे निकलकर बढ़ने लगे तो उन्होंने थैले में जगह-जगह छेद कर दिए। इसके बाद लहसुन की अच्छी पैदावार हुई और कंद भी काफी मोटे निकले। इस प्रयोग से उत्साहित होकर किसान ने बड़े-बड़े प्लास्टिक के कट्टों में मिट्टी भरकर लहसुन की खेती शुरू कर दी। अब वह इसी तरीके से लहसुन की पैदावार कर रहे हैं। खेतों में अपनाई गई इस अनोखी तकनीक की चर्चा क्षेत्र में हो रही है। किसान शाहबाज का यह प्रयोग उन किसानों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जो खेती में नये तरीके अपनाकर बेहतर पैदावार हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।



29 को बंद हो जाएगा नूरपुर स्योहारा रेलवे फाटक

स्योहारा (चिंगारी)। लम्बे समय से चली आ रही ओवरब्रिज का निर्माण शुरू होने की चर्चा पर रेलवे ने रेल फाटक बंद करने की घोषणा के साथ विराम लगा दिया। सुबह सवेरे रेलवे ओवरब्रिज निर्माण करने वाले कर्मचारियों ने उप मुख्य अभियंता / आरएसपी द्वारा जारी नोटिस दीवारों पर लगाने शुरू कर दिये , जिस पर डायवर्ट प्लान भी दे दिया। एलसी 446 स्थायी रूप से 29 नवंम्बर को बंद कर दिया जाएगा। इस पर जाने वाला यातायात अब एलसी 445 व एससी 450 से होकर गुजरेगा। ओवरब्रिज बनने से नगर में लगने वाला जाम हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। यातायात व्यवस्था सही होगी। डाक्टर मनोज वर्मा ने कहा कि लम्बे समय के इंतजार के बाद ये ओवरब्रिज बनना शुरू होगा, जिससे दिल्ली को रैफर किए मरीजों को फाटक बंद होने से होने वाली परेशानी नहीं होगी और रेल लाईन पर ग्रामीणों क्षेत्र से आने वाले मरीजों भी कोई इंतजार नहीं करना होगा। डाक्टर राजबहादुर शर्मा ने कहा कि ये स्योहारा कि तरक्की का एक अध्याय है, अब स्योहारा में स्वास्थ्य व्यवस्था पर इसका असर होगा।



हरिओम सिंह गुर्जर उर्फ हैरी ने कहा कि अब व्यापार के क्षेत्र मे भी तरक्की मिलेगी। व्यवसाय के लिए रेलवे फाटक अड़चन था, जो ओवरब्रिज बनने के साथ समाप्त हो जाएगा।

व्यापारी नेता के पुत्र की मौत से शोक व्याप्त

किरतपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष व स्थानीय मोहल्ला चौहानान निवासी दीपक अरोड़ा के 13 वर्षीय पुत्र सुशांत अरोड़ा का आज सुबह फरीदाबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। नगर में शोक की लहर दौड़ गई। सुशांत की आज अस्पताल में सर्जरी होनी थी उनके निधन पर मदनलाल अरोड़ा राजेश वर्मा सर्राफ, मुकुल सर्राफ, गौरव पाराशर, मनोज अरोड़ा, शिवम सिंघल, प्रीतम वर्मा, सुरेश अरोड़ा, सुंदर गोयल, हरीश अरोड़ा, नरेश कालरा, तिलक कालरा, पत्रकार प्रदीप चौहान, ऋतुज शर्मा, गौतम सिंह, सचिन अग्रवाल, मुकेश गोयल, सुधीर कुमार, ललित मेहरा, दिलशाद अल्वी, हसन अली चौधरी ने शोक व्यक्त किया।

भारत का संविधान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत- सीताराम

अफजलगढ़ (चिंगारी)। मां रमाबाई अम्बेडकर क्लब के फाउंडर वरिष्ठ अधिवक्ता सीताराम पिपलया ने कहा कि भारत का संविधान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। देश को चलाने के नियम व कानून तथा देश के प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अधिकार संविधान में अंकित है, जिस कारण भारतीय संविधान को लोकतंत्र की आत्मा माना गया है। श्री पिपलया स्थानीय बस स्टैंड स्थित वफा सोशल ट्रस्ट के कार्यालय पर ट्रस्ट द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अधिवक्ता शेख सिदरा इरशाद ने कहा कि देश की आजादी से पूर्व देश में महिलाओं के साथ अनेक क्षेत्रों में व्याप्त असमानता की बेड़ियों को समाप्त कर भारतीय संविधान में महिलाओं के विकास के रास्ते खोले गये हैं, जिसके बल पर देश में सर्वोच्च संवैधानिक पदों जैसे प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, न्याधीश, मुख्यमंत्री आदि बनकर कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन इमरान वफा ने की, जबकि संचालन विधि के छात्र मयंक प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में चौधरी योगेश कुमार एड., रमेशचंद्र सैनी एड., पालिका सभासद मा. जयपाल सिंह, फार्मेसी के छात्र हर्ष पिपलया, विपिन कर्णवाल, हाजी अख्तर सिद्दीकी, अब्दुल शमी सैफी आदि ने विचार व्यक्त किये।



रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर दूल्हे के भाई के साथ मारपीट

अफजलगढ़ (चिंगारी)। थाना क्षेत्र में शादी समारोहो के दौरान बारातियों और मेहमानों के बीच विवाद तथा मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कभी खाने में देरी तो कभी भीड़भाड़ और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर विवाद खड़ा हो जाता है। बुधवार की रात समीपवर्ती गांव मेघपुर स्थित एक बैंकेट हॉल में भी ऐसा ही मामला सामने आया। यहां रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर दूल्हे के भाई के साथ अज्ञात बाइक सवार ने मारपीट कर दी। मारपीट में युवक के सिर में चोट लगने से वह लहूलुहान हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, नहटौर निवासी मोहम्मद साबान पुत्र लियाकत हुसैन के भाई की बारात आई थी। इसी दौरान रास्ते में वाहनों की वजह से जाम लग गया। आरोप है कि रास्ते से गाड़ी हटाने को लेकर अज्ञात बाइक सवारों ने दूल्हे के भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे घायल कर मौके से फरार हो गए।

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने मैरीज हॉल में सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग के इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शादी समारोहो में पर्याप्त पार्किंग, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा गार्डों की तैनाती नहीं होने से छोटे-छोटे विवाद भी बड़े झगड़े का रूप ले रहे हैं।

निष्क्रिय कार्यशैली और बेरुखे व्यवहार के बीच नगीना कोतवाल धर्मेंद्र कुमार की विदाई, सुनील कुमार को मिली कमान

नगीना (चिंगारी)। नगीना कोतवाली की कमान संभालने के बाद से ही थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार की कार्यशैली और व्यवहार लगातार चर्चा का विषय बने रहे। क्षेत्र में होने वाली घटनाओं को लेकर उनकी कथित निष्क्रियता और मीडिया कर्मियों को जानकारी देने में उदासीनता के चलते उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे। अब आखिरकार इनको कप्तान ने लाइन हाजिर कर दिया। बताया जाता है कि थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार का कार्यकाल अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा। क्षेत्र में होने वाली घटनाओं के संबंध में जब मीडिया कर्मी उनसे जानकारी लेने का प्रयास करते थे तो अक्सर उनकी ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता था। वहीं, उनके व्यवहार में बेरुखी और तल्खी भी चर्चा का विषय बनी रही। हाल ही में एक जनप्रतिनिधि के साथ कथित तौर पर हुए व्यवहार को भी उनके यहां से हटाए जाने की चर्चाओं से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे पूर्व नगीना कोतवाली में तैनात रहे थाना प्रभारी विकास कुमार को भी लाइन हाजिर किया जा चुका है। इसके बावजूद कोतवाली की कार्यशैली में अपेक्षित सुधार को लेकर सवाल उठते रहे। अब नगीना कोतवाली की जिम्मेदारी नये थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार को सौंपी गई है। उनके सामने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने की चुनौती होगी। अब देखना यह होगा कि नये कोतवाल नगीना की पुलिसिंग को किस दिशा में लेकर जाते हैं और जनता की अपेक्षाओं पर कितना खरा उतरते हैं।

किसानों ने प्रदर्शन कर नियमित रूप से गन्ना उठाने की मांग की

शेरकोट (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम हादकपुर स्थित गन्ना सेंटर से गन्ना न उठ पाने के कारण तौल बंद होने से आक्रोशित किसानों ने प्रदर्शन कर मिल अधिकारियों से प्लाट में जमा गन्ना उठवाकर नियमित तौल कराने की मांग की है। गन्ना न उठने की समस्या से परेशान किसानों ने कल दोपहर सेंटर पर प्रदर्शन किया। किसान सौरभ कुमार, महेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, राजपाल सिंह, कपिल कुमार, महिपाल सिंह, जतिन कुमार, यतेन्द्र कुमार ने बताया कि बीते छह दिन से सेंटर से नियमित गन्ना नहीं उठाये जाने से सेंटर का प्लाट गन्ने से भरा पड़ा है और तौल नहीं हो पा रही है। किसानों के गन्ने से भरे वाहनों की सड़क किनारे कतार लगी हुई है। तौल न हो पाने से किसानों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार की दोपहर किसानों ने सेंटर पर प्रदर्शन कर धामपुर शुगर मिल के अधिकारियों से सेंटर पर जमा गन्ना उठवाकर तौल शुरू कराने की मांग की है। इस मौके पर काफी किसान मौजूद रहे। वहीं शुगर मिल के जोनल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था बिगड़ने से दिक्कत पैदा हुई है। समस्या का समाधान कराया जाएगा।



आईटीआई बिजनौर में रोजगार मेला कल

बिजनौर (चिंगारी)। राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि कल 27 नवंबर को प्रात: 10 बजे से राजकीय आईटीआई बिजनौर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान होंगे। इस मेले में दर्जनों कंपनियां प्रतिभाग कर जनपद के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। मेले में दसवीं पास अथवा इससे अधिक योग्यता रखने वाले, आईटीआई कर चुके, पॉलिटेक्निक कर चुके, इंजीनियरिंग कर चुके अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। इस रोजगार मेले में अपना काम करने वाले युवाओं को उद्योग विभाग से लोन लेने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी।

पत्रकार गय्यूर चौधरी की पत्नी व हसीनुद्दीन की भाभी का निधन

नेताओं व पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया

स्योहारा (चिंगारी)। पत्रकार गय्यूर चौधरी की पत्नी तथा हसीनुद्दीन की भाभी के निधन पर जनप्रतिनिधियों, बुद्धजीवियों, साहित्यकारों सहित प्रेस क्लब स्योहारा के सदस्यों ने शोक प्रकट किया। पत्रकार गय्यूर चौधरी की पत्नी नूरबाशर के अचानक निधन पर एवं हसीनुद्दीन अंसारी की भाभी का बीमारी के चलते निधन हो गया था। दोनों के निधन पर चेयरमैन फैसल वारसी, डा. मनोज कुमार वर्मा, पूर्व विधायक हाजी नईमुलहसन, बसपा नेता हाजी इलयास चौधरी, डा. एनडी हाशमी, पूर्व चेयरमैन अख़्तर जलील, हाजी अनवर जमाल, डा. जानिब हाशमी, डा. शाश्वत वर्मा, प्रेस क्लब स्योहारा अध्यक्ष रियाज उर्फ प्रिंस जमाल, कांग्रेस नेता नासिर उर्फ. आदिल चौधरी, बसपा नेता आदिल चौधरी, आमिर चौधरी, गौहर इलयास, आसिफ नेता, डा. दानिश कमाल, नुसरतउल्ला एडोवोकेट, यूसुफ चौधरी, डा. तफ्फजुल, पत्रकार इमरान अहमद, कामिल हसन टिंकू, शानू सिद्दीकी, तफसील मलिक, नसीम कुरैशी, फरहा परवीन, तनवीर चौधरी, मोईद सहित शहर के सैकड़ों लोग ने उनके घर पहुंचकर शोक जताया। उधर प्रेस क्लब स्योहारा के संरक्षक डा. मनोज कुमार वर्मा, संरक्षक धर्मेन्द्र कुमार भुईयार, सह संरक्षक डा. शाश्वत कुमार वर्मा, प्रेस क्लब स्योहारा अध्यक्ष रियाजुलहक उर्फ प्रिंस, महामंत्री चमन भारद्वाज, नादिर त्यागी, अश्वनी विश्नोई, आकाश तोमर, इकबाल अंसारी, फजल अंसारी, कपिल शर्मा, अंकुल प्रजापति, राशिद पीटर आदि ने शोक जताया और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

Honda के EC डीलर बने। आइये भविष्य को बदलें।
Honda एक विश्वस्तरीय ब्रांड है जो भारतवर्ष में अपनी बेजोड़ तकनीक और विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है। जैसे-जैसे हम अपने सफर में आगे बढ़ रहे हैं।
आप भी (डीलर का नाम) के EC डीलर के रूप में हमारे साथ जुड़े और हमारी विरासत को आगे ले जाएं आइए हम सब मिलकर भविष्य को बदलें।
बिजनौर में आवश्यकता है स्थान- हल्दौर


चौधरी होण्डा स्टेशन रोड, बिजनौर 8958224422

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India. Website: www.honda2wheelersindia.com Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।
गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज


हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।


सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476





भली लगे या बुरी...

भारत का बढ़ता क़द

भारत के यूक्रेन और ईरान के साथ भी अच्छे संबंध हैं तथा भारतीय राजनय परोक्ष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने तथा पश्चिम एशिया में शांति बहाली के प्रयास कर रहे हैं। इन तथ्यों को देखते हुए ट्रंप-पुतिन-शी की बैठक में तेल के निर्विघ्न आवागमन सम्बन्धी मुद्दा स्वीकार किया जाना महत्वपूर्ण है। पिछले वर्षों में अपनी बढ़ती सैनिक शक्ति तथा इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के प्रयासों के चलते भारत अब दुनिया में हथियारों का निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आसियान देशों में भारत के रक्षा निर्यात बढ़ने की उम्मीद है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की हालिया मनीला यात्रा में भारत ने आसियान और भारत के बीच पर्यटन बढ़ाने, समुद्र में निगरानी मजबूत करने, विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने तथा खनिजों के मामले में और ज्यादा सहयोग करने की दिशा में कई कदमों की घोषणा की है। भारत के वियतनाम के साथ रणनीतिक संबंध हैं, जो इस क्षेत्र में चीनी आक्रामकता व विस्तारवाद का विरोध करता है तथा अमेरिका के साथ बेहतर संबंधों के साथ ही रूस और ईरान के साथ भी अच्छे संबंधों के चलते 'रणनीतिक स्वायत्तता' का पालन करता है। क्वाड सम्मेलन में अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया ने स्पष्ट रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एकतरफा कार्रवाइयों का विरोध करते हुए समुद्री सुरक्षा, एआई और साइबर सुरक्षा समेत चार नई पहलों की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले दशक में साइबर सुरक्षा मजबूत करने के साथ ही हाल में एआई को प्रगति देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव के बाद अमेरिका समेत दुनिया के अनेक संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में भारी निवेश किया है। इसके साथ ही भारत ने अनेक यूरोपीय देशों व दुनिया के अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिनसे भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। दुनिया की वर्तमान उथल-पुथल वाली स्थितियों तथा युद्धों के बावजूद भारत अपने विशाल उपभोक्ता बाजार के चलते न केवल अर्थव्यवस्था की तेज प्रगति सुनिश्चित करता है, बल्कि दुनिया भर के निवेशकों के आकर्षण का केन्द्र भी बना हुआ है। पिछले दशक में भारतीय राजनय ने दुनिया भर में अपनी स्थिति बहुत मजबूत की है जिसके चलते कुछ कारणों से संबंधों में गतिरोध वाले देशों ने भी द्विपक्षीय संबंध सुधारने की दिशा में कदम उठाए हैं। दुनिया के अनेक देश डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' नीतियों के कुछ हिस्सों, खासकर टैरिफ युद्ध से पीड़ित रहे हैं, पर इससे भारत के साथ उनके संबंधों में कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। द्विपक्षीय संबंध सुधारने के मामले में कनाडा का उदाहरण उल्लेखनीय है जहां पूर्व प्रधानमंत्री ट्रूदो के कार्यकाल में द्विपक्षीय संबंध बहुत खराब हो गए थे। आज दुनिया की कोई भी शक्ति भारत को अनदेखा नहीं कर सकती है और इससे भारतीय राजनय की 'रणनीतिक स्वायत्तता' को लगातार सम्मान मिल रहा है। भारत हमेशा से किसी प्रकार के युद्ध, आतंकवाद व विस्तारवाद का विरोध करता रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी की हालिया मनीला यात्रा तथा वहां आयोजित क्वाड व आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से भारत का कद और बढ़ा है।

हमारा संविधान, हमारा गौरव : एक मजबूत लोकतंत्र की नींव

हमारा संविधान हमारी पहचान, हमारा गौरव और हमारे लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है। इसका सम्मान केवल 26 नवंबर तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसके आदर्श हमारे विचारों, व्यवहार और जीवन का हिस्सा बनने चाहिए। आइए, इस संविधान दिवस पर हम संकल्प लें कि संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों को अपनाकर एक सशक्त, समृद्ध और समावेशी भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। 'संविधान का सम्मान, लोकतंत्र की पहचान और जिम्मेदार नागरिकता ही एक मजबूत भारत की असली ताकत है।'

संविधान दिवस (26 नवंबर) पर विशेष

भारत का संविधान केवल नियमों और कानूनों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा, राष्ट्रीय एकता और नागरिकों के अधिकारों का आधार है। यह वह मजबूत नींव है, जिस पर हमारा लोकतांत्रिक भारत खड़ा है। प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें अपने संविधान के महत्व, उसके आदर्शों और उसमें निहित मूल्यों को याद करने का अवसर प्रदान करता है।

26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने देश के संविधान को अंगीकृत किया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को यह पूर्ण रूप से लागू हुआ और भारत एक गणराज्य बना। संविधान के निर्माण में 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। इस ऐतिहासिक कार्य में संविधान सभा के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में संविधान निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी कारण उन्हें भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार कहा जाता है।

भारतीय संविधान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। हमारा संविधान जाति, धर्म, भाषा, लिंग और क्षेत्र के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को स्वीकार नहीं करता। यह प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार देता है और एक ऐसे समाज की कल्पना करता है, जहां सभी को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों।



संविधान की प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता जैसे महान आदर्शों का उल्लेख किया गया है। ये केवल शब्द नहीं, बल्कि एक आदर्श राष्ट्र के निर्माण का मार्ग हैं। न्याय हमें समान अवसरों का संदेश देता है, स्वतंत्रता हमें अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार देती है, समानता भेदभाव से मुक्त समाज की प्रेरणा देती है और बंधुता हमें आपसी भाईचारे तथा एकता के साथ रहने की सीख देती है।

संविधान केवल हमें अधिकार ही नहीं देता, बल्कि हमारे कुछ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। एक अच्छे नागरिक का दायित्व है कि वह देश के कानूनों का पालन करे, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करे, देश की एकता और अखंडता बनाए रखे तथा सभी धर्मों और समुदायों के लोगों के प्रति सम्मान का भाव रखे। हमें यह समझना होगा कि अधिकारों और कर्तव्यों के बीच संतुलन ही एक मजबूत लोकतंत्र की पहचान है।

आज के समय में संविधान के महत्व को समझना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। समाज में बढ़ती असमानता, भेदभाव, असहिष्णुता और सामाजिक चुनौतियों के बीच संविधान के मूल्यों को अपनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी, जागरूकता और जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण होती है।

विशेष रूप से युवाओं को संविधान के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी रखने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करना चाहिए। शिक्षा, जागरूकता और आपसी सम्मान के माध्यम से ही हम एक ऐसे भारत का निर्माण कर सकते हैं, जहां हर नागरिक को समान अवसर और सम्मान मिले।

- मिस अली

फ़ख़रुद्दीन 'फ़ख़्र' ग़ज़ल की ख़ामोश रौशनी

एक शायर, एक पत्रकार और एक संपादक- जिसने अपनी पूरी ज़िन्दगी उर्दू ज़ुबान और अदब की ख़िदमत में गुज़ार दी



उर्दू अदब की दुनिया में कुछ नाम ऐसे होते हैं जो शोर नहीं मचाते, मगर अपनी ख़ामोश मेहनत, सच्ची शायरी और ख़िदमत से एक पूरी नस्ल की रहनुमाई करते हैं। फ़ख़रुद्दीन 'फ़ख़्र' उन्हीं में से एक थे। 21 नवंबर 2026 की शाम जब उन्होंने आख़िरी सांस ली, तो बिजनौर ही नहीं, उर्दू अदब की दुनिया का एक चिराग़ बुझ गया। एक ऐसा चिराग़ जिसने धामपुर के एक छोटे से गांव से निकलकर उर्दू ग़ज़ल, पत्रकारिता और संपादन की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई।

फ़ख़रुद्दीन 'फ़ख़्र' का जन्म वर्ष 1958 में बिजनौर जनपद के धामपुर क्षेत्र के अंतर्गत सरकड़ा (चकराजमल) गांव में हुआ। उनके पिता स्वर्गीय इमामुद्दीन थे। उन्होंने एम.ए. उर्दू किया। उर्दू ज़ुबान और अदब से यह गहरा जुड़ाव ही था, जिसने उनकी रचनात्मक रुचियों को विकसित किया और उन्हें शायरी और पत्रकारिता की ओर ले गया।

फ़ख़रुद्दीन 'फ़ख़्र' की साहित्यिक यात्रा का एक उल्लेखनीय पड़ाव वर्ष 1977 में सामने आया, जब रामपुर से प्रकाशित मासिक पत्रिका 'हिजाब' में उनकी पहली ग़ज़ल प्रकाशित हुई। यही प्रकाशन उनके शायराना सफ़र का महत्वपूर्ण आरंभ सिद्ध हुआ। इसके बाद 1977 से उनकी ग़ज़लें और अन्य रचनाएं विभिन्न अख़बारों तथा पत्रिकाओं में लगातार प्रकाशित होती रहीं। ग़ज़ल उर्दू साहित्य की एक ऐसी विधा है, जिसमें शब्दों की मितव्ययिता के भीतर भावों की व्यापकता समाहित रहती है। प्रेम, विरह, जीवन-संघर्ष, सामाजिक विसंगतियों और मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने वाली इस विधा में रचनाकार की भाषायी समझ और भावबोध की विशेष भूमिका होती है। फ़ख़्र साहब का ग़ज़ल-लेखन से दीर्घकालिक जुड़ाव उनके साहित्यिक व्यक्तित्व का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष था। उनकी शायरी में न बनावट थी, न दिखावा- सीधे दिल से निकली हुई बात, जो दिल तक पहुंचती थी।

शायरी के साथ-साथ फ़ख़रुद्दीन 'फ़ख़्र' ने पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। 1985 से 1992 तक उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम किया। बाल-पाठकों के लिए सरकड़ा चकराजमल से 1994 में प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका 'अच्छा साथी' में उन्होंने उपसंपादक के रूप में कार्य किया। बच्चों के लिए लिखना और उन्हें अच्छा साहित्य देना- यह उनकी दूरदर्शिता और सामाजिक ज़िम्मेदारी का प्रमाण था।

1989 में बिजनौर टाइम्स समूह के उर्दू दैनिक 'रोज़ाना ख़बर जदीद' में भी उन्होंने पत्रकार के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2001 से वे त्रैमासिक पत्रिका 'मुशीर-ए-अस्र' के संपादक रहे। किसी साहित्यिक पत्रिका का संपादन केवल रचनाओं का चयन और प्रकाशन नहीं, बल्कि साहित्यिक रुचियों को दिशा देने, रचनाकारों को मंच उपलब्ध कराने और साहित्यिक संवाद को जीवंत बनाए रखने का दायित्व भी है। फ़ख़्र साहब ने इस दायित्व को पूरी ईमानदारी और लगन से निभाया। उनकी रचनाएं आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों से भी समय-समय पर प्रसारित होती रहीं। कोलकाता सहित देश के कई केंद्रों से उनकी रचनाओं का प्रसारण उनकी साहित्यिक यात्रा का उल्लेखनीय पक्ष है।

जीवन के अंतिम दिनों में वह कैंसर के मर्ज़ से ग्रस्त हो गए थे। लंबी बीमारी के बावजूद उन्होंने हौसला नहीं खोया। 21 नवंबर 2026 की शाम उन्होंने आख़िरी सांस ली और इस दुनिया से रुख़सत हो गए। फ़ख़रुद्दीन 'फ़ख़्र' न तो बड़े मंचों के शायर थे, न ही शोहरत के पीछे भागने वाले। वे उन लोगों में थे जो अपने गांव, अपने ज़िले और अपनी ज़ुबान से मोहब्बत करते थे और उसी मोहब्बत को अपनी शायरी, अपनी पत्रकारिता और अपने संपादन में ढालते रहे।

आज जब वे हमारे बीच नहीं हैं, तो उनकी ग़ज़लें, उनके लेख, उनकी पत्रिकाएं और उनकी ख़िदमत ही उनकी याद को ज़िंदा रखेंगी। 'उर्दू अदब' ऐसे ही ख़ामोश ख़ादिमों की वजह से ज़िंदा है। फ़ख़रुद्दीन 'फ़ख़्र' को हमारा सलाम, उनकी मग़फ़िरत के लिए दुआ, और उनकी साहित्यिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प- यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



डा. शेख़ नगीनवी
(लेखक मीडिया पोस्ट, दिल्ली के साहित्यिक संपादक रह चुके हैं)

'दो लड़के' चुनाव परिणाम से पहले ही हो चुके विफल- योगी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही ये विफल हो चुके हैं। गठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रही हैं, तो वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा? मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की ऐसी स्थिति उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम है। जनता बार-बार इन दलों को खारिज कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बदली तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्ष की राजनीति, गठबंधन, आगामी चुनाव और अपनी



राजनीतिक विचारधारा से जुड़े सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए।

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने धर्म, नियम, मान्यताएं और शिष्टाचार होते हैं। लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, वह उनके आपसी तालमेल पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि इनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक तरफ अपमानित हो रहे हैं और दूसरी तरफ उसी को सामान्य बताने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एनडीए में सीटों के बंटवारे और सहयोगी दलों के बीच कथित मतभेदों पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में किसी तरह का विवाद नहीं है।

राम भक्तों से सपा को माफी मांगनी चाहिए

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन के प्रति बदली राजनीतिक भाषा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नावों की सवारी हमेशा खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। यदि 90 के दशक में ही यह सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफी मांगने से कोई व्यक्ति छोटा नहीं होता। उन्होंने अपने राजनीतिक आधार को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का वोट बैंक हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो भारत के संविधान और देश की विरासत में विश्वास करता है।

नूरपुर में आकर्षक झांकियों के साथ निकली भव्य प्रभात फेरी

नूरपुर (चिंगारी)। जगतगुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में निकाली जा रही प्रभातफेरियों की श्रृंखला का समापन मंगलवार को अंतिम भव्य प्रभातफेरी के साथ हुआ। गुरुद्वारा साहिब से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सिंहासन की परिक्रमा और अरदास के उपरांत पंथ की आन-बान और शान के प्रतीक श्री निशान साहिब के मार्गदर्शन और पंज प्यारों की अगुवाई में प्रभातफेरी का शुभारंभ हुआ।



प्रभातफेरी में शामिल मनमोहक झांकियां, बैंडबाजे और डीजे आकर्षण का केंद्र रहे। मधुर गुरुवाणी कीर्तन और गुरु महाराज के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान संगत ने गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए भजन कीर्तन में सहभागिता की। प्रभातफेरी नगर के पूर्व निर्धारित मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर सम्पन्न हुई। कमेटी के पदाधिकारियों के नेतृत्व और सलाहकार रविंदर सिंह व हरदीप सिंह टंडन के संयुक्त संचालन में निकली प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में सिख संगत के साथ अन्य श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया।

प्रभातफेरी के आयोजन में उपप्रधान रिंकू सिंह भाटिया, परमजीत सिंह गुन्नू, गुणवंत सिंह राठौर, गुरनाम सिंह मुन्ना, अजीत सिंह शम्मी,रोहित सिंह मुंशी, तेजवीर सिंह लक्की, मैनेजर सिंह राजू, बलदेव सिंह, गुरदर्शन सिंह पप्पू, रवि सिंह भाटिया, सिंगराल सिंह, जितेन्द्र सिंह विशाल, हरभजन सिंह अमन, राजेन्द्र सिंह प्रिंस, सभासद अरविंद सिंह मिर्धा, इंद्रजीत सिंह, गुरमीत सिंह, अमन सिंह, सोनू सिंह आदि गुरु घर के सेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

संबंध बनाये दो साल लगातार, अब कर रहा शादी से इंकार

युवती ने गैर सम्प्रदाय के युवक के विरुद्ध दर्ज करायी एफआईआर

अफजलगढ़ (चिंगारी)। शादी का भरोसा देकर दो साल तक प्रेम संबंध बनाए रखने और बाद में शादी से इनकार करने के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

दिल्ली निवासी ज्योति पुत्री प्रदीप कुमार पासवान ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि ग्राम महावतपुर निवासी हुसन पुत्र शकील अहमद ने उससे शादी करने का भरोसा दिलाया था। आरोप है कि हुसन के परिवार की ओर से भी शादी का आश्वासन दिया गया था। हुसन के फूफा ने युवती से अपने पिता को शादी के लिए राजी करने की बात कही थी और भरोसा दिलाया था कि सब कुछ ठीक हो जाएगा तथा उसकी शादी हुसन से करा दी जाएगी।

युवती के अनुसार, इन बातों पर विश्वास कर उसने अपने परिवार को शादी के लिए राजी कर लिया। जब उसके पिता शादी के लिए तैयार होकर हुसन से बात करने पहुंचे तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। युवती ने आरोप लगाया कि हुसन के साथ करीब दो साल तक प्रेम संबंध रहे और इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध भी बने। शादी से इनकार किए जाने के कारण उसे मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उसने आरोप लगाया कि इस संबंध के चलते वह अपने परिवार से भी दूर हो गई।

पीड़िता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी हुसन और उसके फूफा से पूछताछ करने तथा न्याय दिलाने की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। कार्यवाहक थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि पीड़िता ज्योति की शिकायत पर हुसन पुत्र शकील अहमद निवासी महावतपुर थाना अफजलगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

महिला जनसुनवाई में 11 शिकायतें पहुंचीं, पांच का हाथोंहाथ निस्तारण

बिजनौर (चिंगारी)। राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने बुधवार को नजीबाबाद स्थित कवि दुष्यंत कुमार सभागार में महिला जनसुनवाई की। इस दौरान 11 महिलाओं ने शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। छह शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में करीब 105 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। संगीता जैन ने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिला आयोग महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों को भी शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध



निस्तारण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम में सीडीपीओ सतीश कुमार, रविता राठी, आशु सिंह व शुभम सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ जागरूकता के पंपलेट भी वितरित किए गए।

श्रद्धापूर्वक मनाया पीछी परिवर्तन समारोह



नहटौर (चिंगारी)। श्री दिगंबर जैन मंदिर में मुनि विव्रत सागर का दीक्षा दिवस एवं पीछी परिवर्तन समारोह श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

बुधवार को आयोजित समारोह में सर्वप्रथम पाद प्रक्षालन विनीत जैन ने किया। जैनमुनि विव्रत सागर की पीछी प्राप्त करने का सौभाग्य शिशिर जैन व पारुल जैन शामली को प्राप्त हुआ। वहीं मुनि विश्वर्थ सागर की पीछी प्राप्त करने का सौभाग्य विनित जैन परिवार को मिला।

इस अवसर पर मुनि विव्रत सागर के सम्मान में भजन, प्रवचन व अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्रद्धालुओं ने मुनियों का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया। आयोजन में प्रबंधक राजीव जैन, सुनील जैन,सिद्धांत जैन, लोकेश जैन विनय जैन, आदिश जैन, निकुंज जैन, शुभम जैन, नितिन जैन, विनीत जैन, राजेश जैन, शैलेन्द्र जैन शैलू, विवेक जैन, पुनीत जैन, समर्थ जैन, वंश जैन, आराध्य जैन, अशोक जैन, सुरेंद्र जैन, नीरज जैन, कामिनी जैन, पूनम जैन, हिमानी जैन, अल्का जैन, निशा जैन, पायल जैन, रिया जैन सहित दिल्ली, स्योहारा, धामपुर, गाजियाबाद, मवाना, शामली, नजीबाबाद आदि के जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

बिजनौर में पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के तबादले

नगीना, नूरपुर, धामपुर, नजीबाबाद समेत कई थानों के प्रभारी बदले; कई पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन भेजा

बिजनौर (चिंगारी)। पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई ने जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। एसपी की ओर से स्थानांतरण आदेश में निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है। इनमें कई थानों के प्रभारी निरीक्षकों को बदला गया है, जबकि कुछ पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से थानों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षक सुनील कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक नगीना बनाया गया है, जबकि नगीना के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। उपनिरीक्षक विकास कुमार को पुलिस लाइन से थाना प्रभारी नूरपुर की जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक अफजलगढ़ नियुक्त किया गया है।

इसी क्रम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह को कोतवाली देहात से थाना प्रभारी नजीबाबाद बनाया गया है। उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह को शेरकोट से नांगल सोती भेजा गया है। निरीक्षक संजय कुमार पांचाल को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक हल्दौर तथा निरीक्षक योगेश कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा नियुक्त किया गया है। हीमपुर दीपा के प्रभारी निरीक्षक रविकरन सिंह को पुलिस लाइन भेजा गया है।

निरीक्षक विवेक शर्मा को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक धामपुर बनाया गया है। निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षक चन्दगीराम को पुलिस लाइन से पुलिस अधीक्षक का वाचक नियुक्त किया गया है।

युवती के हाथ की नस कटी

नहटौर क्षेत्र के ग्राम में घटना घटी

नहटौर (चिंगारी)। नहटौर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के हाथ की नस कटने की घटना सामने आने के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए नहटौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर देखते हुए घर भेज दिया। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं रहीं, जबकि परिजनों ने इसे घरेलू कामकाज के दौरान हुआ हादसा बताया है।

जानकारी के अनुसार यह मामला नहटौर क्षेत्र के एक गांव का है। बुधवार को घर में कामकाज के दौरान अचानक युवती के हाथ की नस कट गई। खून बहता देख परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया और वे घबरा गए। बिना देर किए परिजन उसे लेकर नहटौर स्थित सीएचसी पहुंचे, जहां मेडिकल स्टाफ ने तुरंत उसका उपचार शुरू किया।

सीएचसी के चिकित्सकों के अनुसार, युवती को समय रहते अस्पताल पहुंचा दिया गया था। आवश्यक उपचार और पट्टी करने के बाद उसकी स्थिति सामान्य और स्थिर पाई गई, जिसके चलते उसे डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया। परिवार वालों का कहना है कि यह कोई संदिग्ध घटना नहीं, बल्कि सब्जी काटते समय चाकू लगने या फिसलने से हाथ की नस कट जाने का हादसा है। घटना के बाद परिवार ने राहत की सांस ली है, क्योंकि युवती खतरे से बाहर है और घर पर स्वस्थ बताई जा रही है। फिलहाल स्थानीय स्तर पर इस मामले में किसी प्रकार की पुलिस कार्रवाई या औपचारिक शिकायत की सूचना नहीं।

भारी मन से थाना प्रभारी को विदाई दी



कोतवाली देहात (चिंगारी)। थानाध्यक्ष सुनील सहरावत का स्थानांतरण नजीबाबाद होने की सूचना मिलने पर उनके समर्थकों ने भारी मन से उन्हें फूल माला पहनाकर व उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर प्रधान पद के उम्मीदवार कफिल मलिक, उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह, बाबू करैशी, अंशुल शर्मा, अंकित प्रजापति, मुकेश त्यागी आदि आदि ने थाना अध्यक्ष को विदाई दी। मनोज कुमार शर्मा को कोतवाली देहात थाना प्रभारी बनाया गया।

हाईवे पर अधूरे फ्लाईओवर की केंद्रीय मंत्री से की शिकायत

नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार हाईवे पर चिड़ियापुर (लालढांग) में हाथियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए बन रहे एलीवेटेड कॉरिडोर (फ्लाईओवर) का निर्माण कार्य पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने इस गंभीर समस्या को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को शिकायत पत्र भेजा है। मनोज शर्मा ने बताया कि वन क्षेत्र से गुजरने वाले इस हाईवे पर हाथियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा था, लेकिन पिछले कई महीनों से कार्य बंद होने के कारण परियोजना अधर में लटकी हुई है। वर्तमान में सड़क पर केवल एक ही लेन उपलब्ध है, जिस पर दोनों ओर से वाहन आवाजाही कर रहे हैं। इससे आमने-सामने से भारी वाहनों के आने पर चालकों को भारी परेशानी हो रही है तथा दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि कुम्भ मेला के दौरान हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं और अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों की संख्या में भारी वृद्धि होने वाली है। यदि फ्लाईओवर का निर्माण समय पर पूरा नहीं किया गया तो लंबी जाम की समस्या उत्पन्न होगी।

ग्राम प्रधान ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम राहतपुर खुर्द में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान मुस्तफा मकरानी ने किया। क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट में पहला मैच मिर्जापुर फाइटर्स व जूनियर-11 जटपुरा के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बड़ा ही रोमांचक मैच खेला गया। दर्शकों ने क्रिकेट टीमों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट का आयोजन कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद खुशनुद, सैफ अली, मोहम्मद मासूम के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजन कमेटी के सदस्य व्यवस्था बनाने में लगे रहे जिससे अनुशासनात्मक तरीके से मैच खेले गए।

वालिया ग्लोबल एकेडमी के विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली



नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी, नजीबाबाद द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से (स्वच्छ नजीबाबाद-हमारा अधिकार, हमारी जिम्मेदारी) अभियान के अंतर्गत एक प्रभावशाली स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा शहर के प्रत्येक गली-मौहल्ले में उचित कूड़ेदान एवं बड़े डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाना था। रैली में विद्यालय की निदेशिका श्रीमती रुचिका वालिया, प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच, समन्वयक' कुमुद कुमार एवं रश्मि अवस्थी' सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर कृष्णा टॉकीज, कल्लूगंज, चौक बाजार होते हुए रामलीला मैदान तक पहुंची। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों ने स्वच्छता के संदेशों, नारों एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकर्षित किया। इस अभियान की विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों ने केवल नारे लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की, बल्कि दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं व उनके समाधान पर चर्चा भी की। विद्यार्थियों ने लोगों से अपील की कि कूड़ा सड़कों एवं नालियों में न फेंकें, बल्कि निर्धारित स्थानों पर ही डालें। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों एवं प्रशासन से आग्रह किया कि शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों व प्रत्येक क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में बड़े एवं उचित क्षमता वाले डस्टबिन लगाए जाए, ताकि कचरे का उचित संग्रहण हो सके व सड़कों पर गंदगी फैलने से रोका जा सके। विद्यालय निदेशिका श्रीमती रुचिका वालिया एवं प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना शिक्षा का अभिन्न अंग है।

किसानों ने समस्याओं के समाधान को मिल के गन्ना अधिकारी को ज्ञापन दिया



भाकियू की मीटिंग में शामिल किसान।

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश महासचिव वारिन्दर सिंह बाठ के नेतृत्व में किसानों ने बड़िया में मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में किसानों की समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य गन्ना अधिकारी किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद को अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मिल गेट के किसानों को 24 घंटे के लिये एक पंजा दिया जाये, चीनी मिल की चिमनी से उड़ने वाली काली राख का समाधान किया जाये, जिससे किसानों व आस-पास के गांव वालो को राहत मिले, पिछले वर्षों के हिसाब से उसी आधार पर गन्ने की खरीद करें, किसी भी किसान की पर्ची या लॉक या टोकन से संबंधित कोई भी समस्या का समाधान टोकन कक्ष पर ही किया जाये ताकि किसान को दिक्कत का सामना ना करना पड़े, किसानों के बैठने व टायलेट की व्यवस्था में सुधार कराने, किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने आदि की मांग की गई। मीटिंग में वारिन्दर सिंह बाठ, तसवीर सिह, निशान सिंह, अशोक सिंह, मनीष आदि शामिल रहे।

भाकियू के राष्ट्रीय महामंत्री बने महताब ख़ान चांद



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन धरती पुत्र अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश यादव ने इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े महताब ख़ान चांद को संगठन में राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया है। संगठन के प्रति निष्ठा समर्पण एवं सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए संगठन ने उनसे आशा व्यक्त किया है कि वह संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप किसान मजदूर गरीब शोषित एवं वंचित समाज के अधिकारों के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए देश में संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे।

व्यापारी एकता परिषद की जलालाबाद कमेटी का गठन



नजीबाबाद (चिंगारी)। व्यापारी एकता परिषद की बैठक नगर पंचायत जलालाबाद में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के विस्तार, व्यापारी हितों की रक्षा व व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला प्रभारी तारिक मसरूर ने किया। जबकि अध्यक्षता प्रदेश सचिव अमित शर्मा एवं विनीत वर्मा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में संगठन के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की ओर से कई पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंप कर नई जिम्मेदारियां दी गईं। इनमें रहमान को नगर अध्यक्ष, वसीम अहमद को नगर उपाध्यक्ष, गुल सियाग को नगर महामंत्री, नदीम अहमद को नगर मंत्री तथा शाहिद अली को नगर मंत्री नियुक्त किया गया। मुख्य वक्ता राहुल वर्मा ने कहा कि व्यापारी एकता परिषद का उद्देश्य व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना, व्यापारियों को सम्मान दिलाना तथा उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर समाधान कराने का प्रयास करना है। बैठक में संगठन के संस्थापक सदस्य नवीन गर्ग, उत्तराखंड प्रभारी धर्म सिंह, जिला प्रभारी तारिक मसरूर, जिला उपाध्यक्ष शाहरुख अहमद, प्रदेश सचिव अमित शर्मा, विनीत वर्मा, मोहम्मद जीशान राईन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

विहिप के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने मोहन भागवत से शुक्रतीर्थ में की भेंट



मोहन भागवत से मुलाकात करते राजीव गुप्ता।

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने शुकतीर्थ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत से मुलाकात की। भागवत पीठ शुकदेव आश्रम में दो दिन के प्रवास में रहे आरएसएस प्रमुख से विहिप जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने सनातन धर्म के संवर्धन, संरक्षण व तीर्थो के विकास पर आयोजित मंथन व चिंतन कार्यक्रम में सहभागिता की। तीर्थ के साधु-संत, आचार्यो, पुरोहितों, सिद्ध अक्षय वट के पास डोंगरे भागवत कथा भवन में जुटे, वहां भागवत पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज व सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने धर्म, संस्कृति व भविष्य के स्वरुप पर विचार रखे। राष्ट्र कल्याण यज्ञ में उन्होंने आरएसएस प्रमुख के साथ यज्ञ में आहुतियां दी। अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले, क्षेत्र प्रचारक महेंद्र, प्रांत प्रचारक अनिल आदि भी मौजूद रहे।

प्रशांत चौधरी जिंघाला बने भाजपा किसान मोर्चा के झालू मंडल अध्यक्ष



प्रशांत चौधरी जिंघाला

झालू (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला बिजनौर की ओर से संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए झालू निवासी मोहल्ला चौधरियान के प्रशांत चौधरी जिंघाला को किसान मोर्चा का झालू मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधींद्र चौधरी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान के निर्देशानुसार की गई। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष प्रशांत चौधरी जिघाला ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ करेंगे। किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करेंगे।

खालिद जौली व्यापार संगठन के शाखा उपमंत्री बने



खालिद जौली को प्रमाण पत्र भेंट करते पदाधिकारी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ के निर्देश पर नवाब नजीबुद्दौला शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा के नेतृत्व में खालिद जौली को शाखा उपमंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। मोनू टाटा ने खालिद जौली को संगठन का प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनका स्वागत किया। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह अपने प्रयास से व्यापारी हित में काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाने व व्यापारियों की समस्याओं को हल कराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी मुकीम कुरैशी, रईस कुरैशी, शिताब खान, शमीम अहमद, अय्यूब अहमद, दीपांशु वर्मा, असिद, जावेद आदि व्यापारी मौजूद रहे।

कॉलेज के पास हादसे को दावत दे रहा बिजली का ट्रांसफार्मर

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर कॉलेज के निकट बिजली का ट्रांसफार्मर जर्जर हालत में है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर चार तारों के सहारे लटका हुआ है, जिससे गिरने से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वह कई बार बिजली विभाग से शिकायत की जा चुके है, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर की मरम्मत नहीं कराई गई। इतना ही नहीं, क्षेत्र में कुछ बिजली के खंभे भी जर्जर अवस्था में हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। कॉलेज नजदीक होने के कारण इस रास्ते से प्रतिदिन काफी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ राहगीरों का लगातार आवागमन रहता है। ऐसे में जर्जर ट्रांसफार्मर व कमजोर बिजली के खंभे लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। अब सवाल यह उठता है कि बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद बिजली विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है? क्या विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।



एक स्थान लगा जर्जर ट्रांसफार्मर।

ATHER अब धामपुर में

Ather Scooter के लिये धामपुर में सम्पर्क करें।
मो. 9762717747
पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761



Ather Scooter के लिये बिजनौर में सम्पर्क करें।
मो. 9119766026
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701

धामपुर में एथर शोरूम के लिये वर्कशॉप मैनेजर और मैकेनिक की आवश्यकता है

गंगा से एक और शव बरामद

परिवार में मचा कोहराम, तीसरे की तलाश जारी

नांगल सोती (चिंगारी)। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में डूबे एक और श्रद्धालु का शव आज दोपहर 11:50 बजे बरामद हुआ, जिससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। अभी एक और व्यक्ति की तलाश जारी है। आज लगातार तीसरे दिन एसडीआरएफ की टीमें प्राइवेट गोताखोरों तथा नाविकों के साथ सर्च अभियान चला रही हैं।

ज्ञातव्य है कि 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान मेले में स्नान करते हुए मुहल्ला रम्पुरा, नजीबाबाद के निवासी एक ही परिवार के चार सदस्य दिव्यानी (12 वर्ष) पुत्री संजीव, हर्षित (17 वर्ष) पुत्र प्रमोद, गुड़िया उर्फ डोली (22 वर्ष) पत्नी अरविन्द तथा सूरज उर्फ छोटू (19 वर्ष) पुत्र राजकुमार उर्फ राजू गंगा में डूब गये थे। वहां पास में ही स्नान कर रहे युवकों ने साहस का परिचय देते हुए दिव्यानी को तो बाल पकड़कर खींचते हुए बचा लिया था, मगर बाकी तीनों गंगा में समा गये थे। यूपी और उत्तराखंड की एसडीआरएफ की टीमें प्राइवेट गोताखोरों व नाविकों के साथ सर्च अभियान चला रही हैं। सूरज उर्फ छोटू का शव कल गंगा से बरामद हो गया था। हर्षित सैनी (17 वर्ष) का शव आज दोपहर बरामद हुआ, जिससे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गुड़िया उर्फ डोली पत्नी अरविंद की तलाश अभी जारी है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह, एसडीएम प्रशान्त वर्मा, तहसीलदार अंकित गिरि, क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल कल पूरा दिन गंगा घाट पर मौजूद रहे। एएसपी सिटी कृष्ण गोपाल सिंह, एसडीएम प्रशांत वर्मा, सीओ सुनील कुमार सिंह आज भी मौके पर मौजूद हैं। एसडीएम प्रशान्त वर्मा तथा सीओ सुनील कुमार सिंह आज सुबह सवेरे ही गंगा घाट पर पहुंच गये थे।



गंगा आरती के साथ मेले का समापन



नांगल सोती (चिंगारी)। कल शाम गंगा आरती कर दो दिवसीय गंगा स्नान मेले का विधिवत समापन किया गया। अपराहन 4.30 बजे पं. माधव शुक्ला ने गंगा आरती कराई। सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, सत्यपाल राजपूत, गौतम कुमार लाला, शिवकुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।

वाहन की टक्कर से विकलांग युवक घायल

नांगल सोती (चिंगारी)। कल देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक विकलांग युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका दायां पैर तथा हाथ कुचल गया है, जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका 6 वर्षीय पुत्र मामूली रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम जीतपुर खास (नांगल) निवासी विकलांग युवक अमित (35 वर्ष) पुत्र गेंदा सिंह शाम के समय बाइक पर 6 वर्षीय पुत्र कमल को बैठाकर समीपवर्ती ग्राम हरचंदपुर से पनीर लेने गया था। ग्राम खानपुर स्थित एक ढाबे के समीप उसकी बाइक में किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। परिजनों ने उसे बिजनौर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत बेहद गंभीर बताई जाती है।

दिन-रात गंगा घाट पर डटे हुए हैं परिजन



पीड़ित परिवार के सदस्य राजबाला, सर्वेश, संतोष, कुसुम, उषा, प्रकाशो, हेमा, माया, नीता, बिट्टू, चंद्रपाल, शिवकुमार, विनेश, सुधीर, गोपाल, पवन, चमन, राजेन्द्र आदि सैकड़ों महिला-पुरुष घटना के बाद से दिन-रात गंगा घाट पर ही डटे हुए हैं। घाट के किनारे ही रह रहीं पीड़ित परिवार की महिलाओं ने बताया कि रात को कैम्प में काफी ठंड लगती है, ऊपर प्लास्टिक पन्नी डालकर भी ओस की बूंदें टपकने लगती हैं। कल क्षेत्र के सामाजिक व्यक्तियों ने इन लोगों के लिये भोजन पहुंचाया था। आज प्रशासन ने गंगा घाट पर ही उनके लिये भोजन बनवाया।

नशेड़ी पुत्र ने पिता के साथ मारपीट की

शेरकोट (चिंगारी)। नगर के मुहल्ला नायक सराय निवासी सुदेश देवी पत्नी दौलत सिंह ने पुलिस को बताया कि बुधवार की दोपहर उसके पति घर पर थे,इस दौरान उनका पुत्र सोनू नशे की हालत में आया और अपने पिता दौलत सिंह के साथ गाली गलौच करने लगा। आरोप है कि पिता द्वारा विरोध करने पर आरोपी पुत्र ने मारपीट कर पिता को घायल कर दिया। सुदेश देवी के अनुसार जब उसने मारपीट कर रहे अपने पुत्र से पति को बचाया तो वह जान से मारने की धमकी देकर घर से भाग गया। घायल पिता को एम्बुलेंस की मदद से उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर सोनू निवासी मुहल्ला नायक सराय के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

अच्छे स्वास्थ्य के लिये आहार को दवाई बनाना होगा- डॉ. नरेंद्र

बिजनौर(चिंगारी)। बिजनौर इंटर कॉलेज बिजनौर में जिला प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में फूड इज मेडिसिन, मेडिसिन इज फूड योगी अनंत प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट के डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि अधिकतर लोग अपनी आय का 20 प्रतिशत नशे में खो देते हैं तथा मेहनत की आय का 40 प्रतिशत बीमारी में खो देते हैं। अगर बीमारी से बचना है। नशे से बचना होगा तथा प्राकृतिक खेती पर प्राकृतिक चिकित्सा पर वापस आना होगा, नहीं तो न पैसा रहेगा न स्वास्थ्य ही रहेगा। नेचुरल आहार पर वापस आने पर बल दिया। आहार को दवाई और दवाई को आहार बनाना होगा। आम जनमानस दीर्घायू हों और तह तभी हो सकता है, जब हम अपने आहार को दवाई बनायें और दवाई को आहार बनायें। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मौ. इरफान ने कहा कि हमें सबसे पहले अपने फूड को मेडिसिन बनाना होगा तथा प्राकृतिक चिकित्सा को गहराई से जानना होगा। संपूर्ण भारतवर्ष को स्वच्छ भारत स्वास्थ्य भारत बनाने के लिये नशा मुक्ति अभियान को जनआंदोलन बनाना होगा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के श्री शाहनवाज राशिद प्रवक्ता, अवैस उरहमान व्याअनु., मौ. यूसुफ अध्यापक, सादत अली अध्यापक एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)

वेबसाईट : NPPDHAMPUR.COM | **दूरभाष नं.-01344-297070**

पत्रांक : /2026-27 | **दिनॉक :-**

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद धामपुर, जिला बिजनौर द्वारा पालिका निधि के अन्तर्गत लकड़ी (सोखता) क्रय करना एवं नगर क्षेत्र सीमान्तर्गत प्रमुख स्थानों पर कुल 100 से 125 जगह लकड़ी (सोखता) प्रतिदिन डाले जाने का कार्य कराना चाहती हैं। अत: समस्त लकड़ी सोखता विकेताओं, फर्मों एवं सप्लायरों को सूचित किया जाता है कि वह अपनी सील बन्द कोटेशन दिनांक 07-12-2026 को सायं 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। दिनांक 08-12-2026 को दोपहर 02.00 बजे अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष महोदय द्वारा खोली जायेगी। अन्य जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

1. कुटेशन को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी में निहित है।
2. किसी भी सशर्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. कोटेशन सप्लायर्स / फर्म को आयकर का पैन नम्बर, व्यापार कर व रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. उक्त तिथियों में किन्ही कारणवंश अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस माना जायेगा।
5. मौसम के अनुसार अलावों के स्थानों की संख्या को घटाया / बढ़ाया जा सकता है।
6. पालिका सीमान्तर्गत 100 से 125 स्थानों पर 15 किलो लकड़ी (सोखता) तथा इनमें से 10 से 15 प्रमुख स्थानों पर 25 किलो लकड़ी (सोखता) प्रतिदिन डाले जाने का पारिश्रमिक सहित ।
7. सप्लायर्स को लकड़ी प्रतिदिन स्वयं ही पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों पर पहुंचानी होगी।

क्र.सं.	विवरण	क्रय की जाने वाली सामग्री का नाम	मात्रा
1	2	3	4
1	1. नागरिकों को शीत लहर से बचाने हेतु लकड़ी (सोखता) क्रय करने एवं पालिका सीमान्तर्गत 100 से 125 स्थानों पर 15 किलो लकड़ी तथा इनमे से 10 से 15 प्रमुख स्थानों पर 25 किलो लकड़ी (सोखता) प्रतिदिन डाले जाने का पारिश्रमिक सहित।	लकड़ी (सोखता)	दर प्रति कुन्तल


अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
धामपुर, जिला बिजनौर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
धामपुर, जिला बिजनौर।

संविधान दिवस पर विशेष

संविधान राज्य का जीवन मार्ग

-प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



जैसे एक व्यक्ति के सिद्धांतों से उसका चरित्र तय होता है, वैसे ही संविधान से किसी राज्य (देश) का चरित्र और उसकी जीवनशैली तय होती है। कहने का अभिप्राय: यह है, जैसे एक व्यक्ति के जीवन जीने का एक ख़ास तरीका या मार्ग होता है, वैसे ही एक राज्य के जीने के तरीके को उसका संविधान कहा जाता है। संविधान केवल कानूनों की किताब नहीं है, बल्कि यह समाज के मूल्यों, आदर्शों और भविष्य के लक्ष्यों का आईना है। संविधान शासन और नागरिकों का परस्पर संबंध: तय करता है। सरकार कैसे काम करेगी और नागरिकों का जीवन कैसा होगा अर्थात संविधान यह तय करता है, राज्य का ढांचा और उसका चरित्र कैसा होगा? यह नागरिकों और शासकों के बीच संप्रभुता और शक्ति का बंटवारा करता है अर्थात संबंधों और उनके अधिकारों के संग कर्तव्यों को भी परिभाषित करता है। संविधान राज्य का जीवन मार्ग है, जिसे उसने अपने लिए चुना है। यह प्रसिद्ध कथन महान यूनानी दार्शनिक अरस्तू का है। अरस्तू के अनुसार, राज्य का अस्तित्व केवल जीवन जीने के लिए नहीं, बल्कि एक अच्छे और नैतिक जीवन के लिए है। संविधान इसी अच्छे जीवन को प्राप्त करने का रास्ता दिखाता है। संविधान यह तय करता है, राज्य में सर्वोच्च सत्ता किसके पास होगी और सरकारी पदों का वितरण किस प्रकार किया जाएगा?

इसमें कोई संदेह नहीं, जब तक संविधान का सम्मान होता है, राज्य में स्थिरता बनी रहती है। संविधान में बदलाव का मतलब सीधे तौर पर राज्य के स्वरूप में बदलाव होना है। संक्षेप में कहें तो, अरस्तू का मानना था, संविधान राज्य की आत्मा है। यह केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि उस समाज के आदर्शों, मूल्यों और जीवन जीने के उस ढंग का प्रतीक है जिसे वहां के लोगों ने अपने लिए चुना है। अरस्तु ने अपनी कालजयी पुस्तक पॉलिटिक्स में यह प्रतिपादित किया। संविधान केवल कानूनों या सरकार के ढांचे की नियमावली नहीं है, बल्कि वह किसी राज्य की सामूहिक आत्मा, उसके नैतिक चरित्र और जीवन जीने की पद्धति को दर्शाता है। अरस्तु के अनुसार, किसी राज्य का संविधान यह तय करता है, उस समाज के नागरिक किन नैतिक मूल्यों और आदर्शों को सर्वोच्च मानते हैं। यह केवल सरकार चलाने का तरीका नहीं, बल्कि नागरिकों के सद्जीवन को प्राप्त करने का मार्ग है। अरस्तु का मानना था, राज्य का स्वरूप और उसकी स्थिरता संविधान पर ही टिकी होती है।

यदि किसी राज्य का संविधान यानी शासन प्रणाली बदलती है, तो अनिवार्य रूप से उस राज्य के नागरिकों की जीवनशैली और नैतिक चरित्र में भी बदलाव आता है। राजनीतिक दृष्टिकोण से अरस्तु ने संविधान को राज्य के विशेषकर सर्वोच्च पद के बंटवारे और शक्तियों के निर्धारण की व्यवस्था माना है, यदि हम इस विचार को भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें, तो भारत का संविधान भी मात्र एक कानूनी दस्तावेज न होकर देश का जीवन दर्शन और मार्गदर्शक है। भारत के संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने इसे एक जीवंत वाहन कहा था, जो हर युग की आवश्यकताओं को समाहित करता है। यह नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता और न्याय देकर एक आधुनिक और गरिमापूर्ण जीवन मार्ग की ओर ले जाता है। संविधान वह बुनियादी ढांचा और नैतिक-कानूनी आधार है, जो किसी देश की शासन व्यवस्था, शक्तियों और नागरिकों के बीच एक सुसंगत तालमेल तय करता है। भारतीय संदर्भ में संविधान ही देश का सबसे सर्वोच्च कानून है, जिससे ऊपर कोई भी सरकार, नेता या पार्टी नहीं होती है। शासन के सभी अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों और सीमाओं का निर्धारण इसी से होता है। संविधान न्याय और समानता की गारंटी देता है। यह प्रस्तावना और मौलिक अधिकारों के माध्यम से नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और समानता का अधिकार प्रदान करता है। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है। समय और परिस्थितियों के अनुसार इसमें संशोधन और न्यायिक व्याख्या की व्यवस्था है, जिससे यह युगांतरकारी बदलावों के साथ तालमेल बिठाते हुए राज्य को दिशा देता है। भारत के संविधान को अक्सर एक कानूनी किताब के तौर पर समझा जाता है। यह एक ऐसा फ्रेमवर्क है, जो राज्य और उसके इंस्टीट्यूशन को बताता है। फिर भी कोर्ट और क्लासरूम से आगे, यह एक कल्चरल डॉक्यूमेंट भी है, जो लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में उनकी भाषाओं, तरीकों और कल्पनाओं के ज़रिए ज़िंदा रहता है। पूरे भारत में लोग और समुदाय गानों, थिएटर, कला और कहानी सुनाने के ज़रिए संवैधानिक विचारों को समझाते हैं, इस तरह संविधान साझा मूल्यों की जीती-जागती मिसाल बन जाता है। संविधान केवल कानूनों और धाराओं की एक किताब नहीं है, बल्कि यह एक



नैतिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक जीवन जीने का मार्ग है। डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुसार, संविधान केवल एक वकीलों का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह जीवन का एक माध्यम है। संविधान जीवन मार्ग के प्रमुख आधार न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा हैं। समाज में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करना, ताकि हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीने का अवसर मिले। विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, जिससे व्यक्ति का संपूर्ण विकास हो सके। जाति, धर्म, लिंग, नस्ल या जन्मस्थान के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करना।

जीवन मार्ग के रूप में संविधान का अनुच्छेद 21 अति महत्वपूर्ण है। यह अनुच्छेद 21 केवल शारीरिक रूप से जीवित रहने का अधिकार नहीं देता, बल्कि सम्मान, स्वतंत्रता, अच्छे स्वास्थ्य, और स्वच्छ पर्यावरण के साथ गरिमापूर्ण जीवन जीने की गारंटी देता है। स्वतंत्रता, समता और बंधुता एनसीईआरटी के अनुसार, ये तीनों एक-दूसरे से जुड़े ऐसे सिद्धांत हैं, जिन्हें अलग नहीं किया जा सकता है। ये हमारे आपसी व्यवहार और सामाजिक समानता का आधार बनते हैं। संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के साथ-साथ अभिव्यक्ति और विश्वास की स्वतंत्रता प्रदान करता है, जिससे हर व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ सकता है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर के अनुसार, संविधान समय और समाज की बदलती जरूरतों के अनुसार खुद को ढालता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और संविधान के ये प्रमुख स्तंभ हैं। बाबा साहेब का मानना था, शिक्षा वह चाबी है जो हर गुलामी के ताले को खोल सकती है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉक्टरेट की उच्च शिक्षा प्राप्त की। संविधान की प्रस्तावना और उनके जीवन का मूल आधार स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा रहा है। उन्होंने सिखाया, समाज में हर व्यक्ति की गरिमा बराबर होनी चाहिए। उन्होंने जातिगत भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ महाड सत्याग्रह और कई अन्य आंदोलनों का नेतृत्व किया, जिसे बाद में संविधान के अनुच्छेद 17 के तहत कानूनन समाप्त किया गया। संविधान के माध्यम से उन्होंने देश के हर नागरिक को जीने का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने की ताकत दी। उन्होंने संवैधानिक उपचार के अधिकार- अनुच्छेद 32 को संविधान की आत्मा और हृदय कहा था। डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें संघर्ष से सफलता और अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की सीख देता है जैसे- संघर्ष से न घबराना है। गरीबी और सामाजिक तिरस्कार झेलने के बावजूद कभी हार न मानना। संगठित होना और संघर्ष करना यानी शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, उनका यह मूल मंत्र आज भी समाज को सही दिशा दिखाता है। कानून और संविधान के दायरे में रहकर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना है। स्वतंत्र भारत के लिए संविधान समिति का गठन 9 दिसंबर, 1946 को हुआ। सच्चिदानंद सिन्हा इस संविधान समिति के अंतरिम अध्यक्ष थे। 11 दिसंबर, 1946 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इस समिति का अध्यक्ष पद स्वीकारा। 26 नवंबर, 1949 को संविधान लिखकर तैयार हुआ और 26 जनवरी, 1950 को उसे कार्यान्वित किया गया। इस प्रकार 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिनों में संविधान निर्मिति की चुनौती संविधान समिति ने पूर्ण की। संविधान समिति के अंतर्गत 10 उपसमितियां थीं। उनमें सबसे महत्व की 'मसौदा समिति' थी। डॉ. बाबा साहब अंबेडकर उसके अध्यक्ष थे। मसौदा समिति में आठ सदस्य थे। बीएनराव मसौदा समिति के सचिव और क़ानूनी सलाहकार थे। उन्होंने तैयार किए कच्चे मसौदे पर इस समिति ने चर्चा की। अल्हादी कृष्ण स्वामी अय्यर, एन गोपालस्वामी आय्यंगार, डा. केएम मुंशी, सईद मोहम्मद सादुल्ला, बीएल मित्तल और डीपी खेतान समिति के अन्य सदस्य थे। आगे जाकर बीएल मित्तल और डीपी खेतान के स्थान पर क्रमश: एन माधवराव और टीटी कृष्णस्वामी सदस्य बने। मसौदा समिति की कुल 44 सभाएं हुईं। 13 फरवरी, 1948 को मसौदा समिति के अध्यक्ष के सामने संविधान का मसौदा रखा गया। इसके बाद आठ महीनों तक उसे जनता के विचारार्थ रखा गया। इस मसौदे पर और जनता से मिली सूचनाओं पर 114 दिनों तक अनुच्छेदों के अनुसार चर्चा की गई। 4 नवंबर, 1949 को यह प्रक्रिया पूरी हुई और संविधान का संशोधित मसौदा संविधान समिति ने स्वीकार किया। 25 नवंबर, 1949 के दिन डॉ. अंबेडकर ने समिति के सामने ऐतिहासिक भाषण दिया, जबकि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा की ओर से औपचारिक रूप से भारत के संविधान को अपनाया गया। संविधान को अपनाने के बाद यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।

(लेखक सीनियर जर्नलिस्ट एवं रिसर्चर हैं। प्रिंट मीडिया में चार दशक का अनुभव है। एमजेएमसी के संग-संग एलएलबी हैं। वेस्ट यूपी की नामचीन प्राइवेट यूनिवर्सिटी में मीडिया मैनेजर हैं। करीब पांच साल पत्रकारिता कॉलेज के एचओडी रह चुके हैं।)

ई-96, टीडीआई सिटी रामगंगा विहार फेस-2
मुरादाबाद, यूपी- 244001
7500200085/9258118529
shayamsunderbhatiaz@gmail.com

यमुना को स्वच्छ करने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक : चिदानंद

ऋषिकेश (चिंगारी)। परमार्थ पीठाधीश्वर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू से दिल्ली स्थित लोक निवास में शिष्टाचार भेंट करके यमुना नदी की स्वच्छता एवं अविरलता, युवा पीढ़ी जेन जी की भूमिका तथा राष्ट्र के समक्ष उपस्थित अनेक महत्वपूर्ण सामाजिक एवं पर्यावरणीय विषयों पर अत्यंत सार्थक, आत्मीय और व्यापक चर्चा की। स्वामी चिदानन्द ने कहा कि नदियाँ केवल जल की धाराएँ नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति, आस्था और जीवन का आधार हैं। विशेषकर यमुना दिल्ली की जीवनरेखा हैं। यमुना का संरक्षण केवल किसी एक विभाग, संस्था अथवा सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हम सभी का सामूहिक राष्ट्रीय एवं नैतिक दायित्व है सरकार के साथ-साथ जनसहभागिता एवं


दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू से भेंट करते हुए स्वामी चिदानंद।

जनभागीदारी को सशक्त बनाने पर विशेष चर्चा हुई, ताकि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े प्रयास केवल सरकारी योजनाएँ बनकर न रहें, बल्कि जन-जन का संकल्प बनें और एक व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप लें।

स्वामी जी ने कहा कि यमुना को स्वच्छ करने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, निरंतर निगरानी और जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सरकार, प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और आम नागरिकों को एक मंच पर आकर कार्य करना होगा। प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले कि स्वयं नदी को प्रदूषित नहीं करे और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करे।

उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ संघर्ष करके मानवता कभी सुखी नहीं हो सकती। प्रकृति के साथ सामंजस्य ही सतत विकास का वास्तविक आधार है। हमारी नदियां स्वच्छ हों, हवा निर्मल हो, धरती हरी-भरी हो और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ पर्यावरण मिले, यही सच्चे अर्थों में विकसित भारत की पहचान होगी।

नगर निगम के नये कार्यालय एवं बहुमंजिला पार्किंग भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें

ऋषिकेश (चिंगारी)। नगर निगम ऋषिकेश के निर्माणाधीन बहुमंजिला कार्यालय भवन एवं बहुमंजिला पार्किंग भवन का महापौर शम्भू पासवान ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

मेयर ने कार्यदायी संस्था को दिये निर्देश

निरीक्षण के दौरान महापौर शम्भू पासवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम के नए कार्यालय भवन, बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं के शेष कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम के नए कार्यालय भवन के तैयार होने से निगम की प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, बहुमंजिला पार्किंग शहर की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगी। इसके निर्माण से शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या के अनुरूप पार्किंग की सुविधा विकसित होगी और सड़क किनारे अनियोजित वाहन खड़े होने की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों की निगरानी करने और सभी निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ल, अधिशासी अभियंता अनिल नेगी, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, उपखण्ड अधिकारी रुपेश चंद्र, जल संस्थान के सहायक अभियंता नीरज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

4 दिसम्बर से प्रारंभ होगा सिद्धबली बाबा अनुष्ठान महोत्सव

समिति की बैठक में की तैयारियों की समीक्षा

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार में चार दिसंबर से आरंभ होने जा रहे सिद्धबली बाबा अनुष्ठान महोत्सव की तैयारियों को लेकर सिद्धबली मंदिर परिसर में उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने अधिकारियों और मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर सभी विभागों को व्यवस्थाएं समय से पूरा करने को कहा। मौके पर स्वास्थ्य विभाग को महोत्सव के दौरान आधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस तैनात करने सहित जल संस्थान को शोभायात्रा और मेले के दौरान पानी के टैंकरों की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया।

कोतवाल प्रदीप नेगी ने बताया कि महोत्सव के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए डिग्री कॉलेज मार्ग, जल संस्थान कार्यालय, पुलिंडा मार्ग, ग्रास्टनगंज स्थित दशहरा मैदान और कार्बेट होटल के पास स्थान चिह्नित किए गए हैं। वाहन मॉडल मांटेसरी से गाड़ीघाट होते हुए ग्रास्टनगंज दशहरा मैदान तक पहुंच सकेंगे। वहीं, मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने नगर निगम से चार मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराने और मेले के दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग की। नगर निगम की ओर से बताया गया कि शोभायात्रा में निगम की ओर से स्वच्छता संबंधी झांकी भी निकाली जाएगी। साथ ही पर्यावरण मित्र सड़क पर गिरने वाले कचरे की तत्काल सफाई करेंगे। वहीं वन्यजीवों के खतरे को देखते हुए वन विभाग को मंदिर के आसपास गश्त बढ़ाने, ऊर्जा निगम को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और सड़क किनारे पड़े बिजली के पोल हटाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में महंत दिलीप रावत, मंदिर समिति अध्यक्ष डॉ. जेपी ध्यानी, सेवकराम मानूजा, विवेक अग्रवाल, ऋषभ भंडारी, दीपू पोखरियाल, जितेंद्र कैंथोला, अनुष्ठान महोत्सव के सचिव राजेश रावत, ऊर्जा निगम के एसडीओ कमल सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस ने चलाया 'दो सवार, दो हेलमेट' अभियान

दोपहिया वाहन सवारों को वितरित किये हेलमेट

कोटद्वार (चिंगारी)। जनपद पुलिस की ओर से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे दो सवार, दो हेलमेट अभियान के क्रम में एसएसपी पौड़ी सर्वेश पंवार के नेतृत्व में कोटद्वार में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एसएसपी ने झण्डा चौक, तीलू रौतेली चौक सहित प्रमुख चौराहों पर पहुंचकर वाहन चालकों एवं आमजन से सीधा संवाद किया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा स्वयं के साथ-साथ पीछे बैठने वाली सवारी की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित करते हुए हेलमेट बांटे। अभियान के दौरान एसएसपी पौड़ी ने


दोपहिया वाहन चालकों व पीछे बैठने वाली सवारी को बांटे गए हेलमेट।

बिना हेलमेट दोपहिया वाहन पर पीछे बैठकर यात्रा कर रहे लोगों को हेलमेट की उपयोगिता एवं सड़क दुर्घटनाओं के दौरान सिर में चोट लगने से होने वाले गंभीर परिणामों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने दुपहिया वाहन में पीछे बैठने वालों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही यात्रा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, बिना हेलमेट यात्रा कर रहे पीलियन राइडर्स को हेलमेट वितरित कर सुरक्षित सफर का संदेश दिया। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए।

गुलदार को ट्रैंकुलाइज कर रेस्क्यू किया

कोटद्वार (चिंगारी)। सनेह के कोटड़ीढांग में हमलावर गुलदार को वन विभाग की टीम ने ट्रैंकुलाइज कर लिया है। उसे कोटड़ी रेंज मुख्यालय में रखा गया है, जहां से उसे पिंजरे में डालकर कॉर्बेट के ढेला रेस्क्यू सेंटर ले जाने की तैयारी कर ली गई है। डीएफओ तरुण एस. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावर गुलदार को घटनास्थल से करीब 20 मीटर की दूरी पर टीम ने ट्रैंकुलाइज करने में सफलता हासिल की है। गुलदार की मूवमेंट नजर आने पर टीम अलर्ट हो गई थी। बताया कि हमलावर गुलदार की उम्र तीन से चार साल के बीच है। वह नर गुलदार है। गुलदार के पकड़ में आने से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। वन अधिकारियों के अनुसार इसी गुलदार ने सोमवार दिन में कोटड़ीढांग निवासी कविता कोठियाल पर हमला कर उन्हें मार डाला था।

गुजरात में दिवंगत सैनिकों के परिजनों से मिले सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी

कोटद्वार (चिंगारी)। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कोटद्वार पहुंचकर कुछ दिनों पूर्व गुजरात के कच्छ में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दिवंगत द्वितीय गढ़वाल राइफल्स के स्व. नायक राजेश सिंह रावत एवं स्व. नायक सौरभ सिंह नेगी व नायक नितिन गुसांई के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मौके पर उन्होंने सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि यह हादसा अत्यंत हृदयविदारक है। विशेषकर मासूम बच्चों और परिवार के सदस्यों का असमय इस दुनिया से चले जाना बेहद पीड़ादायक है। इस दु:ख की घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बताते चलें कि इस हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में कोटद्वार के ध्रुव विहार निवासी नायक सौरभ नेगी, उनकी पत्नी सविता एवं तीन माह की मासूम बेटी शिविका का निधन हो गया था। वहीं, नायक नितिन गुसाईं की पत्नी रिंकी गुसाईं एवं उनकी चार वर्षीय पुत्री वमिका तथा नायक राजेश रावत और सात वर्षीय पुत्री रक्षिता भी इस हादसे में काल का ग्रास बन गईं थी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में सैनिक कल्याण मंत्री सहित मेयर शैलेंद्र रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल और निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर डीएस बसेड़ा आदि शामिल रहे।

एसबीडी में स्वगणना व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

धामपुर (चिंगारी)। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में स्वगणना एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मीनू शर्मा एवं डॉ. संजू सिंह ने किया। कार्यक्रम में गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार ने एनएसएस की स्वयंसेविकाओं एवं छात्राओं को स्वगणना की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6 भरने की प्रक्रिया को अपनाना चाहिए। साथ ही छात्राओं को प्रपत्र भरने का व्यावहारिक प्रशिक्षण लेकर छात्राओं को प्रपत्र-6 भरना है। इस अवसर पर स्वगणना करने की प्रक्रिया को


स्वगणना एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल शिक्षिका।

समझाया गया तथा छात्राओं को प्रेरित किया गया कि वे अपने परिवार, आस-पड़ोस एवं समाज के लोगों को स्वगणना के प्रति जागरूक करें तथा मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6 भरने में उनकी सहायता करें। कार्यक्रम में डॉ. अदिति सिंधु, डॉ. हेमलता कुमारी, चारू कुमारी, काजल एवं लिपिक उमेश कुमार उपस्थित रहे।

रात में लोगों के दरवाजे पीटकर फैला रहा दहशत

धामपुर (चिंगारी)। दिनभर का थका हारा व्यक्ति जब रात को आराम करने के लिए गहरी नींद में सो रहा होता है तो इस समय एक अनजान व्यक्ति द्वारा घरों की घंटी बजाने और दरवाजा पीटने से महिलाओं और बच्चों में दहशत का माहौल पैदा होना स्वभाविक है। बीती रात नगर के मोहल्ला लोहियान बक्कलान और मेन मार्केट में रात 2:30 बजे घूम रहे एक युवक ने पहले तो घरों के बाहर लगी हुई बेल बजाई और उसके बाद दरवाजे को पीटने लगा। जब महिलाओं ने सर्दियों की रात में बेल बजाने की आवाज सुनकर खिड़की से झांक कर देखा तो एक युवक मुंह पर ढाटा बाधे हुए कंधे पर फावड़ा लेकर गली से गुजर रहा था। बताया जाता है कि जब वह अग्रवाल सभा मित्तल गारमेंट्स की गली से बाजार में पहुंचा तो वहां कुत्तों ने उसे भौंक-भौंक कर भगा दिया। इस घटना से बच्चों और महिलाओं में दहशत का माहौल है।

रोटरी क्लब ने लगाया दंत परीक्षण शिविर

कोटद्वार (चिंगारी)। रोटरी क्लब की ओर से जनसेवा एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नजीबाबाद रोड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में नि:शुल्क दन्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दंत चिकित्सक डॉ. अभिषेक सिंह ने 34 छात्र-छात्राओं के दांतों का परीक्षण किया तथा उन्हें दांतों की स्वच्छता एवं उचित देखभाल के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। मौके पर सभी बच्चों को डेंटल किट व साबुन वितरित किया गया। शिविर का आरंभ करते हुए रोटरी अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता ने कहा कि दन्त शिविर लगाने का उद्देश्य बच्चों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ दांतों की देखभाल के सही तरीके सिखाना है। तत्पश्चात डॉ. अभिषेक सिंह ने बच्चों को दांतों की संरचना, उनके विकास, सही तरीके से ब्रश करने की विधि तथा दांतों को स्वस्थ रखने के उपायों के बारे बताया। इस अवसर प्रधानाध्यापिका विनीता ध्यानी, गोपाल बंसल, उषा अग्रवाल, ऋषि ऐरन और डी.पी. सिंह सहित समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

अधिवक्ता की मेज से जरूरी दस्तावेज व फाइल चोरी

धामपुर (चिंगारी)। उप जिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय परिसर में पुलिस गारद और चौकीदार के तैनात होने के बाद भी चोरों ने अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह गहलौत के चेंबर से चोरी कर ली इस घटना से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार उप जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में सुरेंद्र सिंह गहलौत का चैंबर बना हुआ है उन्होंने बताया कि गंगा स्नान की छुट्टी के बाद जब वह बुधवार को अपने चेंबर में पहुंचे तो देखा कि उनके चेंबर में रखी हुई लकड़ी की मेज की दराज टूटी हुई है और उसमें से जरूरी दस्तावेज और फाइलें गायब है। उन्होंने


घटना के बारे में जानकारी देते हुए अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह गहलोत।

बताया कि फाइल व दस्तावेज गायब होने से उनके क्लाइंट को परेशानी का सामना करना पड़ेगी। उन्होंने इस संबंध में उप जिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि घटना की जांच कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

ताड़का क्रोध है, मंथरा लोभ है, शूर्पणखा काम है - छविनाथ दूबे

नहटौर (चिंगारी)। श्री राम कथा मंदाकिनी के आयोजन पर बनारस से पधारे कथा व्यास छविनाथ दूबे ने अपने मुखारविंद से अमृत वर्षा की। उन्होंने खर दूषण राक्षसों के वध व रावण की शंका को पद्य और गद्य में सुनाया। श्री पंचायती मन्दिर नहटौर में आयोजित कथा में कथा व्यास छविनाथ दूबे ने विस्तार से बताया - ताड़का क्रोध है, मंथरा लोभ है, शूर्पणखा काम है, इन सबसे बचकर रहना है। राम खर-दूषण को लगातार युद्ध के लिए ललकारते हैं, जबकि वह युद्ध नहीं चाहते और परशुराम युद्ध के लिए कह रहे हैं, उनके आगे प्रभु हाथ जोड़ रहे हैं कि हम आपसे युद्ध नहीं चाहते। इस अवसर पर सुधीर अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, सुधीर तायल, कपिल शर्मा, माधव भारद्वाज, मयंक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, पंडित सुबोध शानू, रमन गोयल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, कमल वर्मा, मुकेश अग्रवाल, बॉबी मोनू अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सुमित वर्मा, संतोष गुप्ता सपत्नीक प्रीति गुप्ता, रितेश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, पंडित गणेश शर्मा, पवन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अमन गोलू तायल, निशु त्यागी, पंडित प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।



विवेक कुमार हिंदवी स्वराज्य संघ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

धामपुर (चिंगारी)। सामाजिक संस्था हिंदवी स्वराज्य संघ द्वारा संगठन के विस्तार हेतु विभिन्न पदों पर की जा रही नियुक्तियों की श्रंखला के अंतर्गत ग्राम पाड़ली मांडू निवासी चौधरी विवेक कुमार को संगठन के जिला अध्यक्ष तथा अभिषेक गहलौत की धामपुर नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है।


पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देते हुए अरुण प्रताप सिंह।

इस संबंध में जारी किए गए नियुक्ति पत्रों में हिंदवी स्वराजय संघ के प्रदेश महामंत्री चौधरी अरुण प्रताप सिंह एडवोकेट ने विश्वास व्यक्त किया है कि दोनों पदाधिकारी प्रत्येक स्तर पर हिंदुत्व को महत्व देते हुए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने तथा अखंड भारत की परिकल्पना को साकारात्मकता दिलाने संबंधी प्रयासों में संलग्न रहकर संगठन की योजनाओं एवं निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप समूचे जनपद मे संगठनात्मक शक्ति को मजबूती दिलाने तथा हिंदुत्व के प्रचार और प्रसार में सक्रिय एवं समर्पित भूमिका निभाने वाले युवाओं को संगठन से जोड़े जाने संबंधी प्रयासों में अपनी रचनात्मक भूमिका का निर्वाह करते हुए हिंदू समाज मे चेतना जागृत करना अपना मुख्य दायित्व समझेंगे।

उक्रांद के संस्थापक सदस्य को किया गया स्मरण

कोटद्वार (चिंगारी)। उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से पदमपुर सुखरो स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दल के संस्थापक सदस्य एवं संरक्षक स्वर्गीय दिवाकर भट्ट की पहली पुण्यतिथि पर उनके चित्र के सम्मुख दीप जला कर व माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि उनके राज्य निर्माण में दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। कहा कि जब भी राज्य आंदोलन की धार कमजोर हुई, उन्होंने आंदोलन को आगे बढ़ाया। चाहे 1995 का श्रीनगर गढ़वाल का श्रीयंत्र टापू कांड हो या जनवरी 1996 का खेट पर्वत का आंदोलन हो, उन्होंने इन आंदोलनों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद ही केंद्र सरकार ने वार्ता के लिए राह खोली। 2007 में मंत्री बनते ही उन्होंने सबसे पहले भू कानून लाते हुए पटवारी एक्ट में बदलाव किया साथ ही कई विभागों में संविदा कर्मियों का नियमितीकरण और आंदोलकारियों में चिन्हीकरण में शिथिलीकरण जैसे जनहित के कार्य किये, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि देने वालों में दल के महानगर अध्यक्ष भारत मोहन काला, महेंद्र सिंह रावत, भगवती प्रसाद कंडवाल, कुलदीप रावत, मुकेश कुमार बड़थ्वाल, देवेंद्र सिंह रावत और नरेश धस्माना सहित दल की महिला सदस्य शामिल रही।

एम्स में विश्व एंटी माइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह का समापन

एमबीएस के छात्रों ने प्रस्तुत की नुक्कड़ नाटिका

ऋषिकेश (चिंगारी)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में आयोजित विश्व एंटीमाइक्रोबियल जागरूकता सप्ताह वॉव 2026 का समापन हो गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनसमुदाय को एंटीबायोटिक दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग को लेकर आगाह कर उन्हें इन दवाओं को सही तरीके से इस्तेमाल करने के बारे में विस्तृत जानकारियां उपलब्ध करवायी गयीं। जागरुकता सप्ताह के समापन पर संस्थान में 'वन हेल्थ' पर सतत चिकित्सा शिक्षा



सीएमई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफे मीनू सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि एएमआर से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य क्षेत्रों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान और समन्वित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। समापन पर एक अन्य कार्यक्रम के दौरान फार्मेसी स्टीवर्डशिप कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें AWaRe वर्गीकरण, रोगाणुरोधी उपयोग और प्रिस्क्रिप्शन ऑडिट जैसे व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा हुई। 'इंटीग्रेटेड एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप चैंपियन वार्ड' पहल के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए इमरजेंसी आईसीयू को विजेता घोषित किया गया और टीम को पुरस्कृत किया गया। उधर एमबीबीएस के छात्रों द्वारा त्रिवेणीघाट पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आम लोगों को जागरूक करते हुए एंटीबायोटिक दवाओं के सही इस्तेमाल करने के बारे में लाभदायक जानकारी दी गयी। नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करने से पहले विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह जरूर लेनी चाहिए। समापन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा गुप्ता, आयोजन अध्यक्ष डॉ. पी. के. पांडा, आयोजन सचिव डॉ. वन्या सिंह, मुख्य नर्सिंग अधिकारी सुश्री अनीता रानी कंसल सहित डॉ. निधि कैले, डॉ. निशांत, डॉ. सुमन चौरसिया, डॉ. मनीषा बिष्ट, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. भूपिंदर, डॉ. रंजना, डॉ. प्रकाश तेंदुलकर, धर्मेंद्र सिंह, सुश्री सुमन, सुश्री रम्या, गिरिराज, आशुतोष आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com







यूपी में पर्यटन को विस्तार विरासत को संरक्षण

उत्तर प्रदेश ऐतिहासिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध प्रदेश है। अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, नैमिषारण्य, विंध्याचल, चित्रकूट, मथुरा-वृन्दावन, श्रावस्ती, कुशीनगर, सारनाथ, संकिसा समेत अनेक धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पर्यटन विकास के साथ प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत और गौरवशाली विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



नई परियोजनाओं को बढ़ावा

- जिला योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 14 नवीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई।
- मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 17 परियोजनाएं क्रियान्वित हैं।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 06 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई।
- इको टूरिज्म के विकास के लिए 2025-26 में रु. 50 करोड़ का बजट प्राविधानित किया गया, जिससे 23 परियोजनाओं के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।



कलाकारों को आर्थिक संबल

- वृद्ध एवं विपन्न कलाकार, जो जीवन पर्यंत कला, संस्कृति एवं साहित्य साधना में संलग्न रहे हैं और वृद्धावस्था एवं निम्न स्वास्थ्य के कारण जीविकोपार्जन में असमर्थ हैं, उन्हें रु. 2000 मासिक पेंशन दी जा रही है। इसे रु. 4000 प्रतिमाह किए जाने का प्रस्ताव है।
- वाद्य यंत्र योजना के अंतर्गत प्रदेश की ग्राम पंचायतों को वाद्य यंत्रों का एक-एक सेट प्रदान किया गया।

यूपी में साल दर साल बढ़ते पर्यटक

- वर्ष 2025 में प्रदेश में कुल 156 करोड़+ पर्यटक आए।
- इनमें 155 करोड़+ भारतीय तथा 45 लाख+ विदेशी पर्यटक शामिल थे।
- आंकड़ों में प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में आए 66. 30 करोड़+ पर्यटकों की संख्या भी शामिल है।

पर्यटन स्थलों का समेकित विकास

- चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट योजना के तहत संस्कृति एवं विरासत श्रेणी में महोबा को विरासत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- डेवलपमेंट ऑफ आइकॉनिक टूरिस्ट सेंटर्स टू ग्लोबल स्केल के अंतर्गत आगरा के बटेश्वर एवं श्रावस्ती का समेकित पर्यटन विकास किया जा रहा है।



अयोध्या दीपोत्सव-छोटी दीपावली के अवसर पर 19 अक्टूबर को राम की पैड़ी पर 26.17 लाख+ दीप जलाकर सरयू आरती के साथ एक बार फिर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया।

पर्यटन सुविधाओं का विस्तार

- उत्तर प्रदेश बेड एण्ड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति-2025 प्रख्यापित की गई।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन स्थापना सुविधाओं के सृजन एवं विकास हेतु राज्य सेक्टर में रु. 119841.10 लाख की 575 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं।

संस्कृति और विरासत का संरक्षण

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती, रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती, दानवीर भामाशाह जयंती, उत्तर प्रदेश दिवस, अयोध्या में सावन झूला तथा श्रीराम मंदिर अयोध्या में शिखर पर ध्वजारोहण के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

संग्रहालयों की संख्या में वृद्धि

- वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में 11 संग्रहालय थे।
- वर्ष 2017 के बाद इनकी संख्या बढ़कर 22 हो गई।
- नवीन संग्रहालय परियोजनाओं के माध्यम से संग्रहालयों का विस्तार किया जा रहा है।

युवा एवं ग्रामीण पर्यटन

- प्रदेश के प्रत्येक जनपद में युवा पर्यटन क्लब का गठन किया जा रहा है।
- एग्री रूरल एवं गंगे ग्राम रूरल टूरिज्म परियोजना के माध्यम से चयनित ग्रामों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है।



उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

- उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी 2025 को प्रदेश का नाम पूरे विश्व में रोशन करने वाले 06 महानुभावों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

स्मारकों का संरक्षण

- वर्ष 2017 में राज्य में संरक्षित स्मारकों की संख्या 143 थी।
- वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 278 हो गई।
- वर्ष 2027 तक 315 स्मारकों को संरक्षित करने का लक्ष्य है।

काम दमदार - डबल इंजन सरकार

ADVERTORIAL